कोटद्वार, रविवार
10 अगस्त 2025
वर्षः 47
अंकः 100 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### पिज्जा पड़ा महंगा, 1.93 लाख की ठगी

हल्द्वानी। टीपीनगर में काम करने वाले एक युवक को दोस्ती निभाना महंगा पड़ गया। युवक के दोस्त ने पिज्जा मंगवाकर कैंसिल कर दिया और रिफंड के लिए गूगल से कस्टमर नंबर ले लिया। इसके बाद साइबर ठगों ने झांसे में लेकर युवक के खाते से 1.93 लाख रुपये की धोखाधड़ी कर दी। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज किया है। हल्द्वानी निवासी भगवान सिंह ट्रांसपोर्ट नगर में पिछले दो वर्षों से निजी कंपनी में कार्यरत हैं। उसके सहकर्मी दिनेश चौहान ने 15 जुलाई को पिज्जा ऑर्डर किया था। बाद में कैंसिल कर रिफंड के लिए गूगल से कस्टमर केयर नंबर खोजा गया। इस दौरान एक फर्जी नंबर पर कॉल करने पर दिनेश ने कथित डिलीवरी प्रतिनिधि के कहने पर वीडियो कॉल कर स्क्रीन शेयर की और पीड़ित भगवान की यूपीआई आईडी साझा कर दी। कॉल के दौरान आरोपी ने फोन–पे ओपन कर बैलेंस चेक करने को कहा। जांच की तो पता चला कि उनके बैंक खाते से सात बार में कुल एक लाख तिरानबे हजार रुपये कट चुके हैं। मामले की सूचना तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर दी गई। पीड़ित ने साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन कुमाऊं रुद्रपुर में तहरीर दी है। कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि मामले को ट्रांसफर किया गया है। मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पछुवादून में जमकर बरसे मेघ

विकासनगर। पछुवादून में मूसलाधार बारिश का दौर जारी है। रक्षाबंधन पर सुबह हल्की बूंदाबांदी के बाद दोपहर तक बारिश नहीं हुई। हालांकि आसमान में बादलों का डेरा रहा। दोपहर ढ़ाई बजे से मूसलाधार बारिश शुरू हुई। इससे विकासनगर, सेलाकुई में लोगों को जलभराव की समस्या से जूझना पड़ा। बारिश ने रक्षाबंधन की खुशियों में भी खलल डाला। त्योहार पर जहां लोग सगे संबंधियों के घर गए हुए थे। त्योहार मनाकर जैसे ही लोग घरों को लौटने की तैयारी करने तो बारिश ने उनके कदम रोक दिए। मूसलाधार बारिश का सबसे बड़ा असर पछुवादून की सड़कों पर दिखा। विकासनगर की सैयद रोड, सिनेमा गली, पंजाबी कालोनी, अस्पताल रोड, सेलाकुई में राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ जमनपुर रोड, एसबीआई के सामने, ट्रक यूनियन के सामने जलभराव हो गया। कई जगह घुटनों तक पानी जमा हो गया। इससे छोटे वाहनों के निकलने में दिक्कत हो रही थी। दोपहिया सवार पानी में फंसते जा रहे थे। शहर की गलियों और संपर्क मार्गों में हुए जलभराव के कारण राहगीरों को मुश्किल हुई। बारिश से मौसम सुहावना जरूर हुआ लेकिन रोजाना सफर करने वालों, व्यापारियों और अन्य कामकाजी लोगों की परेशानी बढ़ गई।

### आरटीई से निजी स्कूलों में दाखिले को मिला एक और मौका

देहरादून। शिक्षा का अधिकार अधिनियम(आरटीई) में निजी स्कूलों में दाखिले के लिए शिक्षा विभाग ने एक और मौका दिया है। इसके लिए 14 अगस्त से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू होगी। 18 अगस्त तक कक्षा एक में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस सत्र में अभी दो चरण में प्रवेश हो चुके हैं और बाकी खाली सीटों पर तीसरे चरण की प्रक्रिया शुरू की गई है। शिक्षा महानिदेशक दीप्ति सिंह ने बताया कि सभी जिलों में आरटीई के तहत प्रवेश के लिए तीसरे चरण की प्रक्रिया शुरू की है। अपवंचित और गरीब बच्चों को अपने निकटस्थ निजी स्कूल में कक्षा एक में दाखिले का मौका इससे मिलेगा। उन्होंने बताया कि पिछले चरणों की तरह इस बार भी पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन और लॉटरी के माध्यम से की जाएगी। सभी मुख्य शिक्षा अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि वह हर हाल में खाली सीटों पर 30 अगस्त तक प्रवेश सुनिश्चित करें, ताकि नए एडमिशन लेने वाले बच्चों की पढ़ाई विधिवत शुरू की जा सके। शिक्षा महानिदेशक ने कहा कि प्रवेश प्रक्रिया में मानकों का सख्ती से पालन करने और आय प्रमाण पत्रों की जांच में राजस्व विभाग से पुष्टि करवाने के लिए कहा गया है। मालूम हो कि इस बार जिलों में फर्जी आय प्रमाण पत्र के मामले सामने आने कई प्रवेश रद्द किए गए थे। स्कूलों को दो दिन का समय आरटीई के तहत स्कूलों को भी पंजीकरण के लिए कल 11 अगस्त का समय दिया गया है। इसमें ऐसे स्कूलों को पंजीकरण करवाना होगा, जो नए खुले हैं ।

## प्रभावित परिवारों को अगले 6 महीने का राशन उपलब्ध कराएगी सरकार : सीएम

### पौड़ी के सैंजी और बांकुड़ा गांव में क्षतिग्रस्त घरों के लिए भी दिए जाएगी सहायता राशि

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने धराली रेस्क्यू ऑपरेशन के बारे में बताते हुए कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता लोगों को सुरक्षित स्थानों में पहुंचाने की थी। खराब मौसम के बावजूद अब तक 1000 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू किया जा चुका है। जिसमें स्थानीय लोगों के साथ देश भर से आए तीर्थ यात्री भी शामिल हैं। घायलों को जिला अस्पताल, एम्स में भर्ती किया गया है। सभी को अच्छा इलाज मिले इसकी व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि हर्षिल व धराली क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में दवाइयां, दूध, राशन, कपड़े पहुंचाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि हर्षिल क्षेत्र में बिजली आपूर्ति के लिए उरेडा का पावर हाउस चालू किया गया है। यूपीसीएल द्वारा बिजली तारों की मरम्मत की जा रही है। मोबाइल कनेक्टिविटी को सुधार लिया गया है। साथ ही 125 केवी के दो जनरेटर सेट भी आपदा क्षेत्र में पहुंच गए हैं। हर्षिल क्षेत्र में सड़क कनेक्टिविट को ठीक किया



जा रहा है। गंगनानी में बेली ब्रिज का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। भूस्खलन की चपेट में आई सड़कों को भी जल्द ठीक कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मंगलवार तक हर्षिल तक सड़क मार्ग को पूरी तरह ठीक करने की संभावन है। जिसके बाद अन्य कामों को भी तेजी से पूरा किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के स्तर से प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद की जा रही है। बताया कि प्रभावित परिवारों को अगले छः महीने का राशन राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध करवाया जाएगा। आपदा से जिन लोगों के मकान पूर्णतः क्षतिग्रस्त या नष्ट हुए हैं, उनके पुनर्वास/विस्थापन हेतु 5.00 लाख की तत्काल सहायता राशि जारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि ग्राम वासियों के पुनर्वास के लिए सचिव, राजस्व की अध्यक्षता में एक तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। जो प्रभावित हुए लोगों के पुनर्वास, विस्थापन एवं हानि का आंकलन करेगी। उन्होंने कहा कि आपदा से सेब के बगीचों को हुए नुकसान का भी आंकलन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि धराली के साथ ही प्रदेश के अन्य स्थानों में भी आपदा से तबाही हुई है। कहा कि पौड़ी के सैंजी और बांकुड़ा गांव में भी जिन लोगों के घर क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन्हें भी राज्य सरकार के स्तर से 5 लाख तक भी सहायता राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य में जहां भी आपदा से हानि हुई है, उन्हें सरकार द्वारा हर संभव मदद दी जाएगी।

### दिल्ली के करावल नगर में ट्रिपल मर्डर, पति ने पत्नी और दो बेटियों की गला दबाकर की हत्या

नई दिल्ली ,राजधानी दिल्ली के करावल नगर इलाके में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां एक शख्स ने अपनी पत्नी और दो मासूम बेटियों की हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपी की तलाश जारी है। मृतकों की पहचान जय श्री और उसकी दो बेटियों के रूप में हुई है, जिनकी उम्र क्रमशः 7 वर्ष और 5 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी का नाम प्रदीप है जो करावल नगर स्थित भगत सिंह कॉलोनी में अपने परिवार के साथ रहता था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि प्रदीप लंबे समय से आर्थिक तंगी और कर्ज के बोझ से परेशान था। आशंका जताई जा रही है कि घरेलू विवाद के चलते उसने गुस्से में आकर पहले पत्नी और फिर दोनों बेटियों की गला दबाकर हत्या कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। घटनास्थल से कुछ अहम सबूत जुटाए गए हैं। पुलिस आसपास के इलाकों की सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और प्रदीप की तलाश में दबिश दी जा रही है। स्थानीय लोगों में घटना को लेकर दहशत का माहौल है। पड़ोसियों के अनुसार, प्रदीप और जय श्री के बीच अक्सर कहासुनी होती रहती थी, लेकिन किसी को अंदेशा नहीं था कि मामला इस हद तक बढ़ जाएगा। फिलहाल पुलिस हत्या के पीछे के कारणों की तहकीकात कर रही है और आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने का भरोसा दिलाया है।

## जम्मू–कश्मीर के कुलगाम में मुठभेड़

# 2 जवान शहीद, 2 घायल, 3 आतंकी मार गिराए

कुलगाम ,जम्मू–कश्मीर के कुलगाम जिले के अखल देवसर इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ आज नौवें दिन भी जारी है। सेना, जम्मू–कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ के संयुक्त आतंक–रोधी ऑपरेशन में अब तक तीन आतंकियों के मारे जाने की खबर है, हालांकि आधिकारिक रूप से सिर्फ एक आतंकी का शव बरामद किया गया है। बीती रात हुई भारी गोलीबारी में सेना के चार जवान घायल हुए हैं, जिनमें से दो ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। शहीद जवानों की पहचान लांस नायक प्रितपाल सिंह और सिपाही हरमिंदर सिंह के रूप में की गई है। सेना की चिनार कोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्सझ् पर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए लिखा, सेना शोक संतप्त परिवारों के साथ एकजुटता व्यक्त करती है। यह ऑपरेशन अभी जारी है। यह मुठभेड़ 1 अगस्त से चल रही है और



अब तक का कश्मीर घाटी में इस साल का सबसे लंबा आतंक–रोधी अभियान बन चुकी है। सुरक्षाबलों ने पूरे जंगल क्षेत्र को घेर रखा है और आतंकियों की धरपकड़ के लिए तलाशी अभियान तेज कर दिया गया है। इसी बीच, किश्तवाड़ जिले में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी नेटवर्क पर भी शिकंजा कसा गया है। डीएसपी मुख्यालय, किश्तवाड़ के अनुसार, पाकिस्तान स्थित आतंकियों के संपर्क में रहे स्थानीय गुर्गों के ठिकानों पर छापेमारी की गई है। सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि जंगल में अब भी कुछ आतंकी छिपे हो सकते हैं। ऑपरेशन तब तक जारी रहेगा जब तक पूरे इलाके को आतंकियों से मुक्त नहीं कर दिया जाता।

## रसोई गैस की सब्सिडी के लिए 42,000 करोड़ रुपये मंजूर, मोदी कैबिनेट में कई फैसलों पर मुहर

नई दिल्ली , प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई। बैठक में 5 बड़े फैसले लिए गए जिनमें मुख्य रूप से 52,667 करोड़ रुपए के पैकेज को मंजूरी देना शामिल है। इस पैकेज में रुक्त्र, शिक्षा, बुनियादी ढांचा और पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास पर विशेष जोर दिया गया है। सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना को मजबूत करने के लिए 12,060 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। केंद्र सरकार ने मौजूदा केन्द्रीय योजना के अंतर्गत पूर्वोत्तर के असम तथा त्रिपुरा के विशेष विकास पैकेज के तहत 4,250 करोड़ रुपये की मदद का निर्णय लिया है। सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद शुक्रवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी देते हुए बताया कि 2450 करोड़ रुपए के कुल परिव्यय के साथ चार नए घटकों को मंजूरी दी गई है। यह योजना विशेष रूप से पूर्वोत्तर के असम और त्रिपुरा पर केंद्रित है और इसका



मकसद वहां विभिन्न माध्यमों से समानता को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार असम के आदिवासी समूहों के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन–एमओएस के अनुसार असम के आदिवासी बहुल गाँवों तथा क्षेत्रों में बुनियादी ढाँचे के विकास के लिए 500 करोड़ रुपये देगी। असम के दिमासा नेशनल लिबरेशन आर्मी, दिमासा पीपुल्स सुप्रीम काउंसिल समूहों के साथ समझौता ज्ञापन के अनुसार उसे नेशनल लिबरेशन आर्मी या दिमासा पीपुल्स सुप्रीम काउंसिल के उत्तरी कैचर हिल्स स्वायत्त परिषद क्षेत्र में बुनियादी ढाँचे के विकास के लिए 500 करोड़ रुपये दिये जाएंगे।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दो अलग–अलग फैसलों में रसोई गैस (एलपीजी) सब्सिडी के लिए कुल 42,000 करोड़ रुपये के प्रस्तावों को मंजूरी दी है। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि उज्ज्वला योजना की लाभार्थियों को मौजूदा वित्त वर्ष 2025–26 में साल में नौ रिफिल पर 300 रुपये प्रति सिलेंडर की सब्सिडी दी जायेगी। इसके लिए 12,000 करोड़ रुपये के प्रावधान की मंजूरी दी गयी है। इससे पहले, अक्टूबर 2023 से साल में 12 रिफिल पर 300 रुपये प्रति सिलेंडर की सब्सिडी दी जा रही थी। सब्सिडी का लाभ योजना की 10.33 करोड़ लाभार्थियों को होगा। सरकार ने उज्ज्वला योजना के तहत रिफिल बढ़ाने और गरीब उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए मई 2022 में सालाना 12 रिफिल पर 200 रुपये प्रति सिलेंडर लक्षित सब्सिडी की शुरुआत की थी जिसे अक्टूबर 2023 में बढ़ाकर 300 रुपये किया गया था।

इसके अलावा, मंत्रिमंडल ने रसोई गैस के घरेलू सिलेंडर के मूल्य नियंत्रण के कारण तेल विपणन कंपनियों को होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए 30 हजार करोड़ रुपये के प्रावधान को भी मंजूरी दी है।

### क्लब में दो गुटों के बीच झड़प के बाद युवक को मारी गोली

देहरादून। राजपुर रोड स्थित डायाब्लो बार एंड रेस्टोरेंट में देररात मामूली विवाद के बाद एक युवक ने दूसरे युवक को गोली मार दी। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल युवक बीएससी एग्रिकल्चर का छात्र है। गोली युवक के सिर में फंसी है। पुलिस ने आरोपी को 14 घंटे के बाद मुजफ्फरनगर से गिरफ्तार कर लिया है। उधर, घायल युवक को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि 19 वर्षीय संभव गुरुंग निवासी अनारवाला अपने दोस्तों के साथ शनिवार रात राजपुर रोड स्थित डायाब्लो बार एंड रेस्टोरेंट में पार्टी करने के लिए गया था। रात करीब 1:30 बजे से 2 बजे के बीच संभव और उसके दोस्तों का बार में मौजूद गौतम अहलावत पुत्र पवन अहलावत निवासी ग्राम साहवली थाना नयी मंडी मुजफ्फरनगर यूपी व उसके दोस्तों से विवाद हो गया। मामला बढ़ने पर बार के सुरक्षाकर्मियों ने दोनों पक्षों को बार से बाहर कर दिया।

## देहरादून समेत तीन जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

देहरादून। उत्तराखंड में पहाड़ से मैदान तक बादल मंडरा रहे हैं और कहीं–कहीं भारी वर्षा के दौर भी हो रहे हैं। पहाड़ों में भी मौसम का मिजाज डरा रहा है। अभी फिलहाल भारी वर्षा से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। मौसम विभाग के अनुसार, शनिवार को देहरादून समेत तीन जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश को लेकर आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही अन्य जिलों में भी कहीं–कहीं आकाशीय बिजली चमकने और तीव्र वर्षा के दौर होने की आशंका है। शनिवार को देहरादून में रक्षाबंधन के पर्व पर मौसम का मिजाज राहतभरा रहा। दिनभर बादल मंडराते रहे, लेकिन बारिश नहीं हुई। हालांकि, आसपास के क्षेत्रों में हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई। पहाड़ों पर कहीं–कहीं जोरदार वर्षा हुई। गरुड़ में सर्वाधिक 66 मिमी वर्षा हुई। वहीं, बूढ़ा केदार में भी 30 मिमी से अधिक वर्षा रिकार्ड की गई। इसके अलावा पहाड़ों में कई क्षेत्रों में 20 से 30 मिमी तक वर्षा हुई। प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों में बारिश के कारण तापमान में गिरावट रही और ज्यादातर क्षेत्रों में अधिकतम तापमान सामान्य



से एक से दो डिग्री सेल्सियस कमी दर्ज की गई। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, रविवार को प्रदेश के बागेश्वर, देहरादून व पिथौरागढ़ जनपद में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी वर्षा होने की आशंका है। टिहरी, पौड़ी, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, नैनीताल, ऊधमसिंह नगर व चंपावत में कहीं–कहीं भारी वर्षा होने के आसार हैं, इसे लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। राज्य के अन्य जनपदों में कहीं–कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने व वर्षा के तीव्र से अति तीव्र दौर भी हो सकते हैं। अगले चार दिन मौसम इसी प्रकार का बना रहने का अनुमान है।

## जयपुर–आगरा हाईवे पर भीषण हादसा : परीक्षा देकर लौट रहे 5 लोगों की मौत

दौसा ,दौसा जिले के सिकंदरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो सगी बहनों समेत पांच लोगों की जान चली गई। हादसा जयपुर–आगरा नेशनल हाईवे–21 पर कैलाई–दुब्बी गांव के पास उस वक्त हुआ जब लोहे के गार्डर से भरा एक बेकाबू ट्रेलर डिवाइडर पार कर सामने से आ रही कार से भिड़ गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह पिचक गई और दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाकी तीन घायल जयपुर ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ बैठे।एग्जाम के बाद लौट रहे थे गांव मृतकों की पहचान यादराम मीणा (36), मोनिका मीणा (18), अर्चना मीणा (20), वेदिका मीणा और मुकेश महावर (27) के रूप में हुई है। ये सभी लोग जयपुर के बस्सी स्थित निर्वाण कॉलेज में परीक्षा दिलवाकर अपने गांव भजेड़ा और महवा लौट रहे थे। कार को खुद यादराम



चला रहे थे, जो महवा में एक लाइब्रेरी और कोचिंग सेंटर संचालित करते थे।

**मौके पर दो की मौत, तीन ने तोड़ा दम रास्ते में**

पुलिस के अनुसार, हादसे में यादराम और मोनिका की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मुकेश, अर्चना और वेदिका गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत दौसा जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक होने के कारण तीनों को जयपुर रेफर कर दिया गया। लेकिन दुर्भाग्यवश, जयपुर ले जाते समय एंबुलेंस घाट की गुणी टनल में जाम में फंस गई। ट्रैफिक की सुस्त रफ्तार और उचित एंबुलेंस कॉरिडोर के अभाव में घायलों को समय पर चिकित्सा सुविधा नहीं मिल सकी। जयपुर पहुंचते ही तीनों को मृत घोषित कर दिया गया।

**प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया झ्र ट्रेलर ने सीधे टक्कर मारी**

हादसे के चश्मदीदों ने बताया कि ट्रेलर बेकाबू हो गया था और उसने अचानक डिवाइडर पार कर कार को सीधे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। घटनास्थल पर पहुंचे स्थानीय लोगों और पुलिस ने तत्काल बचाव कार्य शुरू किया, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी।

### गोंडा में मारपीट मामले में सपा जिलाध्यक्ष समेत 12 दोषियों को हुई जेल की सजा

गोंडा ,उत्तर प्रदेश के गोंडा में जमीनी लड़ाई में दो पक्ष भिड़ गए थे। इस पर अदालत ने समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष समेत दोनों पक्षों के 12 लोगों को सजा सुनाई और जुर्माना भी लगाया। यह सजा मारपीट और जमीन कब्जाने के मामले में सुनाई गई है। मारपीट का यह मामला देहात कोतवाली क्षेत्र के चिश्तीपुर गांव का है। इस मामले में जिला अदालत ने शुक्रवार को दोनों पक्षों के 12 लोगों को दोषी ठहराया। एक पक्ष में सपा जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन, उनके भाई अफसार हुसैन, भतीजे व सपा युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरफराज हुसैन उर्फ सोनू, मासूम अली और गुलाम हैदर को दो–दो साल जेल की सजा सुनाई गई। साथ ही प्रत्येक पर 11–11 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया। हालांकि, इन दोषियों को अगली कोर्ट में अपील करने के लिए जमानत मिल गई। वहीं, अदालत ने दूसरे पक्ष में शाकिर अली, आरिफ, फिरोज खां, मोबिन, तस्लीम, कय्यूम और मारूफ को 7–7 साल की कारावास की सजा सुनाई। साथ ही प्रत्येक दोषियों के खिलाफ 54–54 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। इन दोषियों को जेल भेज दिया गया है। गोंडा सहायक शासकीय अधिवक्ता अमित पाठक ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत करते हुए कहा कि यह मामला साल 2014 का है।

## झारखंड में बड़ा रेल हादसा : दो मालगाड़ियों के बीच भीषण टक्कर

### दर्जनों डिब्बे पटरी से उतरे

सरायकेला , झारखंड के सरायकेला जिले में स्थित चांडिल जंक्शन के पास शनिवार को एक भीषण रेल हादसा हुआ। आद्रा रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले इस क्षेत्र में सुबह लगभग 4 बजे दो मालगाड़ियों की टक्कर हो गई, जिससे दर्जनों बोगियां पटरी से उतर गईं और रेल परिचालन पूरी तरह ठप हो गया।

शुरुआती जानकारी के अनुसार, टाटानगर से पुरुलिया की ओर जा रही एक आयरन लदी मालगाड़ी चांडिल स्टेशन पार करने के बाद पटरी से उतर गई। उसी समय विपरीत दिशा से आ रही दूसरी मालगाड़ी डिरेल ट्रेन की बोगियों से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दूसरी ट्रेन के भी कई डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसा पितकी रेलवे गेट और चांडिल



स्टेशन के बीच हुआ। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे अधिकारियों, कर्मचारियों और रेस्क्यू टीम ने मौके पर पहुंचकर राहत व बचाव कार्य शुरू किया। फिलहाल, हादसे में किसी तरह के जानी नुकसान की खबर नहीं है। गनीमत रही कि यह टक्कर सिर्फ दो मालगाड़ियों के बीच हुई। अगर इसकी जगह कोई यात्री ट्रेन होती, तो जान–माल का भारी नुकसान हो सकता था।

स्थानीय लोगों ने कहा है कि सुबह तेज आवाज सुनी और जब वे घटनास्थल पर पहुंचे, तो उन्होंने दोनों मालगाड़ियों को आपस में टकराते हुए पाया। लोगों ने कहा कि अगर उस समय कोई यात्री ट्रेन वहां से गुजर रही होती, तो एक बड़ी त्रासदी हो सकती थी।

रेलवे अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है। हादसे के कारणों का अभी तक स्पष्ट रूप से पता नहीं चल सका है। टक्कर के बाद इस मार्ग पर रेल यातायात पूरी तरह से बंद कर दिया गया है और वैकल्पिक मार्गों से ट्रेनों को संचालित करने की कोशिश की जा रही है।

## यूपी कैबिनेट की बैठक में कई प्रस्तावों को मिली मंजूरी

लखनऊ , उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई। इस दौरान सभी कैबिनेट और राज्य मंत्री मौजूद रहे और कई प्रस्तावों पर मुहर लगी।

उत्तर प्रदेश के समन्वय मंत्री अनिल राजभर ने कहा, कैबिनेट में बहुत अच्छे विषय आए और उन पर बड़ी सार्थक चर्चा हुई। 20 विषयों को लेकर सरकार ने मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट में उन्हें अनुमोदित किया, चाहे वह शिक्षा का क्षेत्र हो, गृह विभाग से जुड़े विषय हों, उच्च शिक्षा से संबंधित मामले हों, या माध्यमिक शिक्षा से जुड़े मुद्दे हों। साथ ही, इसमें महिलाओं और मातृशक्ति से जुड़े विषय भी शामिल हैं, ये सभी बहुत अच्छे और आगे बढ़ाने वाले विषय हैं। इन्हें कैबिनेट ने अनुमोदित किया है।

अमेरिका की ओर से 25 प्रतिशत



अतिरिक्त टैरिफ लगाए जाने को लेकर उन्होंने कहा, आज प्रधानमंत्री ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत अब झुकने वाला नहीं है। यह नया भारत है, और हम किसी के दबाव में नहीं आने वाले हैं। कोई भी देश या ताकत हमें ब्लैकमेल नहीं कर सकती। हम अपने हितों की रक्षा करने में पूरी तरह सक्षम हैं। भारत की जनता के लिए, देश के लिए, और उनके हितों की रक्षा के लिए हमें जो करना होगा, वह हम जरूर करेंगे। वहीं, उत्तर प्रदेश के आयुष राज्य मंत्री दयाशंकर मिश्रा ने कहा, वर्ष 2047 के विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश को लेकर चर्चा हुई है। विधानसभा सत्र प्रारंभ होने वाला है, उस पर भी चर्चा की गई है। 'हर घर तिरंगा' अभियान को लेकर भी चर्चा हुई और कैबिनेट में कई प्रस्ताव पास किए गए हैं। दयाशंकर मिश्रा ने कहा, जहां तक वैश्विक संबंधों की बात है, चाहे अमेरिका हो, इंग्लैंड हो, जापान हो, या जर्मनी, भारत बहुत बड़ा और शक्तिशाली देश है। अगर भारत इन देशों को नकार देगा, तो इन देशों की अर्थव्यवस्था चौपट हो जाएगी। इसलिए सभी देशों को भारत के साथ अपने संबंध अच्छे रखकर ही चलना पड़ेगा। वहीं, उत्तर प्रदेश के पंचायती राज मंत्री ओपी राजभर ने कहा, 'हर घर तिरंगा' अभियान चलाने के लिए कैबिनेट में चर्चा हुई है। पंचायती राज विभाग को 57,691 गांवों तक घर–घर झंडा पहुंचाने के लिए जिम्मेदारी दी गई है। राजभर ने राहुल गांधी के उस बयान पर तंज कसा, जिसमें उन्होंने चुनाव आयोग पर गड़बड़ी करने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

### चुनाव आयोग ने ईसीआई की वेबसाइट बंद किए जाने के राहुल गांधी के दावों को किया खारिज

नई दिल्ली , भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के उन दावों को सिरे से खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग की वेबसाइट बंद है और उस पर उपलब्ध वोटर लिस्ट गायब है। भारत निर्वाचन आयोग ने प्रेस नोट जारी कर कहा कि चुनाव आयोग की वेबसाइट में कोई समस्या नहीं है। लॉन्च के बाद से ही यह सुचारू रूप से कार्य कर रही है। दिन भर निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के ठीक से काम न करने के बारे में कुछ अफवाहें और निराधार आरोप लगाए जा रहे थे, जिससे अनावश्यक भ्रम की स्थिति पैदा हो रही थी। उन्होंने आगे कहा कि चुनाव आयोग की वेबसाइट लॉन्च होने के बाद से ही बिना किसी समस्या के काम कर रही है और वर्तमान में भी चालू है। सीईओ वेबसाइट्स (यूपी, बिहार, महाराष्ट्र, हरियाणा और राजस्थान) भी ठीक से काम कर रही हैं, क्योंकि वे ईसीआई की प्राथमिक साइट से जुड़ी हुई हैं। इससे पहले कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव आयोग मुझसे हलफनामा मांगता है।

## केदारनाथ धाम की यात्रा फिर हुई सुचारु

रुद्रप्रयाग : बीते चार दिनों से खराब मौसम के चलते यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन द्वारा केदारनाथ यात्रा रोक दी गई थी, किंतु शनिवार को मौसम खुलते ही पांचवें दिन यात्रा को सुचारु कर दिया गया। हालांकि रक्षाबंधन का पर्व होने के कारण करीब 1200 यात्री ही सोनप्रयाग से केदारनाथ धाम के लिए रवाना हुए। सोनप्रयाग में सुबह से पुलिस मौसम पर निगरानी बनाए हुई थी। मौसम बेहतर रहने पर उच्चाधिकारियों के निर्देशों पर पुलिस ने यात्रियों को सोनप्रयाग से गौरीकुंड जाने की अनुमति दी। जबकि गौरीकुंड से भी पैदल मार्ग की स्थिति का आंकलन करने और सभी परिस्थितियां अनुकूल रहने पर यात्रियों को केदारनाथ जाने की अनुमति दी गई। सोनप्रयाग से 1200 यात्री केदारनाथ धाम के लिए रवाना हुए। विशेष रूप से सोनप्रयाग और गौरीकुंड के बीच संवेदनशील स्थानों



पर पुलिस सुरक्षा के बीच यात्रियों की आवाजाही कराई। सोनप्रयाग कोतवाली निरीक्षक राकेंद्र कठैत ने बताया कि मौसम अनुकूल रहने पर यात्रियों को सुरक्षा के बीच गौरीकुंड भेजा गया, जबकि वहां से भी पैदल मार्ग की स्थिति के अनुसार यात्री आगे भेजे गए। गौरीकुंड चौकी प्रभारी सूरज कंडारी ने बताया कि सुबह मौसम ठीक था और पैदल मार्ग भी ठीक है इसलिए करीब 1200 यात्रियों को गौरीकुंड से केदारनाथ रवाना किया गया। (एजेंसी)

## शर्ट और लॉन्ग स्कर्ट पहनती हैं तो इन 5 फुटवियर्स को चुनें, लुक लगेगा पूरा

शर्ट और लॉन्ग स्कर्ट का मेल एक सुंदर और स्टाइलिश तरीका है, जिससे आप हर मौके पर आकर्षक दिख सकती हैं। चाहे ऑफिस हो, पार्टी हो या कोई खास मौका, यह संयोजन आपको हमेशा खास बनाएगा। सही फुटवियर्स का चयन आपके लुक को और भी बेहतरीन बना सकता है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे फुटवियर्स के बारे में बताएंगे, जो आपके शर्ट और लॉन्ग स्कर्ट के साथ अच्छे लगेंगे और आपको आरामदायक भी महसूस कराएंगे।

### उंची हील्स के जूते के साथ मिलेगा सुंदर लुक

अगर आप अपने लुक को सुंदर और स्टाइलिश बनाना चाहती हैं तो ऊंची हील्स के जूते एक बेहतरीन विकल्प हो सकते हैं। ऊंची हील्स या ब्लॉक हील्स वाले जूते दोनों ही आपके शर्ट और लॉन्ग स्कर्ट के साथ अच्छे लगेंगे। ये न केवल आपको लंबा दिखाएंगे बल्कि आपके पूरे लुक को भी खास बनाएंगे। ऊंची हील्स के जूते पहनने से आपके पैरों को एक सुंदर आकार मिलता है और आप आत्मविश्वास से भरी दिखती हैं।

### फ्लैट सैंडल्स रखेंगी आरामदायक

अगर आपको ऊंची हील्स पसंद नहीं हैं या आप पूरे दिन आरामदायक रहना चाहती हैं तो फ्लैट सैंडल्स एक अच्छा विकल्प हो सकता है। फ्लैट सैंडल्स में कई डिजाइन्स उपलब्ध होते हैं, जो आपके शर्ट और लॉन्ग स्कर्ट दोनों के साथ अच्छे लगते हैं। ये न केवल आरामदायक होती हैं बल्कि आपके लुक को भी खास बनाती हैं। फ्लैट सैंडल्स पहनकर आप पूरे दिन आराम से रह सकती हैं और स्टाइलिश भी दिख सकती हैं।

### बूट्स से मिलेगा दमदार लुक

अगर आप अपने लुक में थोड़ी दमदारता जोड़ना चाहती हैं तो बूट्स एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। चमड़े या सूती बूट्स आपके शर्ट और लॉन्ग स्कर्ट के साथ बहुत अच्छे लगेंगे। ये न केवल आपको एक अलग अंदाज देंगे बल्कि ठंडे मौसम में भी गर्माहट प्रदान करेंगे। बूट्स पहनकर आप अपने पूरे लुक को खास बना सकती हैं और आत्मविश्वास से भरी दिख सकती हैं।

### स्नीकर्स से मिलेगा कैजुअल लुक

अगर आप रोजमर्रा की जिंदगी में कैजुअल और आरामदायक दिखना चाहती हैं तो स्नीकर्स एक अच्छा विकल्प हो सकता है। सफेद या किसी भी रंग के स्नीकर्स आपके शर्ट और लॉन्ग स्कर्ट दोनों के साथ अच्छे लगेंगे। ये न केवल आरामदायक होते हैं बल्कि आपके लुक को भी खास बनाते हैं। स्नीकर्स पहनकर आप पूरे दिन आराम से रह सकती हैं और स्टाइलिश भी दिख सकती हैं।

### फ्लिप—फ्लॉप्स में दिखेंगी फैशनेबल

गर्मियों में फ्लिप—फ्लॉप्स एक अच्छा विकल्प हो सकता है। रंग—बिरंगे फ्लिप—फ्लॉप्स आपके शर्ट और लॉन्ग स्कर्ट दोनों के साथ अच्छे लगेंगे। ये न केवल आरामदायक होते हैं बल्कि आपके लुक को भी खास बनाते हैं। फ्लिप—फ्लॉप्स पहनकर आप पूरे दिन आराम से रह सकती हैं और स्टाइलिश भी दिख सकती हैं। इन सभी फुटवियर्स विकल्पों से आप अपने शर्ट और लॉन्ग स्कर्ट के लुक को और भी खास बना सकती हैं।

## लिपस्टिक के कारण होंठ हो जाते हैं काले? इन 5 बातों का रखें ध्यान

कई महिलाएं लिपस्टिक के बिना घर से बाहर नहीं निकलतीं, लेकिन रोजाना लिपस्टिक लगाने से होंठ काले पड़ने लगते हैं। इसका कारण लिपस्टिक में मौजूद रासायनिक तत्व होते हैं, जो होंठों को नुकसान पहुंचाते हैं। हालांकि, अगर लिपस्टिक की सही से देखभाल की जाए तो इससे होने वाले नुकसान से बचा जा सकता है। आइए आज हम आपको लिपस्टिक से होने वाले नुकसान को दूर करने के लिए कुछ उपाय बताते हैं।

### लिपस्टिक लगाने से पहले लिप स्क्रब करें इस्तेमाल

लिप स्क्रब से मृत त्वचा कोशिकाओं को हटाने में मदद मिलती है, जिससे होंठ मुलायम और चिकने बन सकते हैं। इसके लिए आप बाजार से लिप स्क्रब खरीद सकते हैं या फिर घर पर खुद बना सकते हैं। लिप स्क्रब बनाने के लिए चीनी, शहद और नारियल का तेल मिलाएं और इससे अपने होंठों को हल्के हाथों से रगड़ें। इसके बाद अपने होंठों को गुनगुने पानी से धो लें और फिर लिपबाम लगाएं।

### लिपबाम का करें इस्तेमाल

लिपबाम होंठों को नमी देने में मदद करता है और उन्हें सूरज की हानिकारक किरणों से बचाता है। इसके अलावा यह होंठों को मुलायम और चिकना बनाता है। लिपबाम खरीदते समय उसमें प्राकृतिक तत्व जैसे नारियल का तेल, जैतून का तेल या शिया बटर हो, ऐसा ध्यान रखें। ये तत्व होंठों को पोषण देते हैं और उन्हें स्वस्थ रखते हैं। हर दिन दो बार लिपबाम लगाएं ताकि आपके होंठ हमेशा नरम और चमकदार बने रहें।

### हल्के रंगों का करें चयन

अगर आप लिपस्टिक का इस्तेमाल करती हैं तो हमेशा हल्के रंग की लिपस्टिक चुनें। गहरे रंग की लिपस्टिक न केवल आपके होंठों को काला कर सकती है बल्कि उन्हें सूखा भी सकती है। हल्के रंग की लिपस्टिक जैसे गुलाबी या हल्के भूरे रंग आपके होंठों को प्राकृतिक दिखाते हैं और उन्हें पोषण भी देते हैं। इसके अलावा ये रंग हर मौके पर अच्छे लगते हैं और आपके लुक को भी खास बनाते हैं।

# मोदी एक बार कह दें कि ट्रंप ने जंग नहीं रूकवाई

**अजीत द्विवेदी**

संसद के मानसून सत्र का इंतजार सबको था। इंतजार इसलिए था क्योंकि सरकार ने पहलगाम कांड और आपेरशन सिंदूर के बाद विशेष सत्र बुलाने की विपक्ष की अपील पर ध्यान नहीं दिया था। संसद में खड़े होकर विपक्ष को जवाब देने और देश के नागरिकों को इसकी सचाई बताने की बजाय सरकार दुनिया भर के देशों में डेलिगेशन भेज कर उनके सामने अपना पक्ष रख रही थी। तभी जब मानसून सत्र की शुरुआत हुई और यह तय हुआ कि दूसरे हफ्ते के पहले दिन यानी सोमवार, 28 जुलाई को पहलगाम कांड व आपेरशन सिंदूर पर चर्चा शुरू होगी तो उम्मीद थी कि इनसे जुड़े समूचे घटनाक्रम की सचाई सामने आएगी। सरकार हर पहलू के बारे में जानकारी देगी। विपक्ष जो सवाल पहले से उठा रहा है और जो सदन में सवाल उठाए जाएंगे, उनका वस्तुनिष्ठ तरीके से जवाब दिया जाएगा। लेकिन अफसोस की बात है कि दो दिन की लंबी चर्चा और प्रधानमंत्री के लंबे भाषण के बाद भी बहस अधूरी ही रह गई। इस बहस के बाद यह धारणा भी मजबूत हुई कि भारत में संसदीय बहसों का स्तर लगातार गिरता जा रहा है और सारी संसदीय बहस सिर्फ राजनीति साधने और चुनावी लाभ के लिए होती हैं। किसी भी सभ्य लोकतंत्र में संसदीय बहसें ऐसी नहीं होती हैं। भारत में भी कोई संविधान सभा की बहस के दस्तावेज पढ़े तो उसे भी आज जो हो रहा है उस पर शर्म ही आएगी।

बहरहाल, पहलगाम कांड और आपेरशन सिंदूर से जुड़े कौन से सवाल थे, जिनके वस्तुनिष्ठ जवाब की जरुरत थी, उस पर आने से पहले एक रूपक के जरिए इस बहस को समझते हैं। पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के बिजली मंत्री का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें एक व्यक्ति उनसे बिजली नहीं आने की शिकायत कर रहा था। वह व्यक्ति कह रहा था कि सिर्फ तीन घंटे बिजली आती है और अधिकारी कोई सुनवाई नहीं कर रहे हैं। थोड़ी देर तक यह बात सुनने के बाद माननीय बिजली मंत्री ने अपने गले में पड़ी ढेर सारी मालाएं निकालीं और जोर से नारा लगाया, जय श्रीराम! बात वही खत्म हो गई। लोकसभा में पहलगाम कांड और आपेरशन सिंदूर पर सत्तापक्ष यानी भाजपा और उसके सहयोगी दलों के सभी नेताओं का भाषण इसी श्रेणी का था। सवालों का जवाब देने की बजाय सत्तापक्ष के लगभग सारे वक्ता सेना के शौर्य का गुणगान कर रहे थे, अपनी पीठ थपथपा रहे थे, अपनी छाती ठोक रहे थे और 77 साल पहले वाली सरकार की कमियां गिना रहे थे।



सोचें, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने करीब एक सौ मिनट के भाषण में 14 बार देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू का नाम लिया! क्या पहलगाम कांड और आपेरशन सिंदूर पर होने वाली चर्चा में देश के लोग यही सुनना चाहते थे? नेहरू की गलतियां थीं या इंदिरा गांधी ने गलती की या उसके बाद की कांग्रेस सरकारों ने गलतियां कीं तभी तो देश की जनता ने भाजपा और नरेंद्र मोदी को मौका दिया है! अब तो देश के लोग इस सरकार से उम्मीद कर रहे हैं। नेहरू का या इंदिरा गांधी का नाम लेकर किसी भी तात्कालिक मुद्दे पर अपनी जिम्मेदारी से नहीं बचा जा सकता है। नेहरू की गलतियां अपनी जगह हैं, जिनके बारे में राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ, भारतीय जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी एक सौ साल से बोल रहे हैं। लेकिन लोग तो यह जानना चाहते थे कि पर्यटकों की उतनी बड़ी संख्या होने के बावजूद पहलगाम घाटी में एक भी सुरक्षाकर्मी क्यों नहीं तैनात था? लोग यह जानना चाहते थे कि आतंकवादी 20 मिनट तक तांडव करते रहे और उतनी देर में एक भी सुरक्षाकर्मी नहीं पहुंचा और आतंकवादियों के जवाब देने के लिए एक भी गोली नहीं चली तो ऐसा क्यों हुआ? यह तो संभव नहीं है कि नेहरू या इंदिरा गांधी ने ऐसा करने से रोक दिया था? सरकार को इस पर जवाब देना चाहिए था और अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करनी चाहिए थी। लेकिन प्रधानमंत्री के इतने लंबे भाषण में एक बार भी पहलगाम में मारे गए 26 बेकसूर नागरिकों का जिक्र नहीं आया।

देश के लोग जानना चाहते थे कि आपेरशन सिंदूर हुआ, जिसमें भारतीय सेना ने अप्रतिम शौर्य का प्रदर्शन किया तो फिर 88 घंटे के भीतर सीजफायर क्यों हो गया? जैसा कि प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान के सैन्य अभियानों के महानिदेशक यानी डीजीएमओ ने भारत के डीजीएमओ से गुहार लगाई कि पाकिस्तान अब और हमला नहीं झेल सकता है तो युद्धविराम हो गया। सवाल है कि पाकिस्तान मजबूर था कि वह हमारा हमला नहीं झेल पा रहा था लेकिन हमारी क्या मजबूरी थी? हमने क्यों सीजफायर स्वीकार कर लिया? अगर स्वीकार किया तो पाकिस्तान के सामने क्या शर्तें रखीं और क्या उसने हमारी कोई शर्त स्वीकार की? दुनिया के तमाम सामरिक और रक्षा विशेषज्ञों ने कहा कि भारत को दो तीन दिन और हमले जारी रखने चाहिए थे ताकि पाकिस्तान का सैन्य ढांचा स्थायी रूप से खत्म हो और उसके सैन्य नेतृत्व की कमजोरी पाकिस्तान की जनता के सामने जाहिर हो। लेकिन इसका उलटा हुआ। बिना शर्त युद्धविराम की वजह से पाकिस्तान के सैन्य नेतृत्व को छाती ठोक कर जीत का दावा करने का मौका मिला और आज पाकिस्तान का सैन्य नेतृत्व पहले से ज्यादा मजबूती और ताकत के साथ भारत विरोधी गतिविधियों में लगा है। पाकिस्तान और पाकिस्तान के बाहर भी उसकी प्रतिष्ठा कम होने की बजाय बढ़ गई है। ऐसा क्यों हुआ कि भारत जीतता हुआ पक्ष था लेकिन उसने बिना शर्त सीजफायर कर लिया, इस सवाल का जवाब नहीं दिया गया।

सीजफायर कराने के अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे का भी स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया के किसी नेता ने सीजफायर नहीं कराई। वे संसद में वही बोले, जो ब्राजील में जी 7 देशों के सम्मेलन में बोले थे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के डीजीएमओ ने गुहार लगाई थी। उन्होंने यह भी दोहराया कि अमेरिका के उप राष्ट्रपति जीडी वेंस ने उनसे कहा कि पाकिस्तान बड़ा हमला करने वाला है तो उन्होंने कहा कि हम उससे बड़ा हमला करेंगे। सवाल है कि फिर ऐसा क्या हुआ कि पाकिस्तान ने हमला नहीं किया और हमें हमला करने की जरुरत नहीं पड़ी? कुछ तो हुआ परदे के पीछे, जिसके बाद सीजफायर हुआ! प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री को बताना चाहिए था कि क्या हुआ, जिसकी वजह से बिना शर्त सीजफायर की नौबत आई। विडम्बना यह है कि जिस समय प्रधानमंत्री ने संसद में कहा कि दुनिया के किसी नेता ने जंग नहीं रूकवाई लगभग उसी समय अमेरिका में ट्रंप ने दोहराया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान की जंग रूकवाई। ध्यान रहे दुनिया का कोई नेता सीजफायर का श्रेय नहीं ले रहा है, सिर्फ ट्रंप ले रहे हैं। इसलिए दुनिया कि किसी नेता ने नहीं रूकवाई कहने की बजाय अगर प्रधानमंत्री मोदी एक बार कह दें कि ट्रंप ने जंग नहीं रूकवाई तो बात खत्म हो। लोग यह सुनना चाहते थे लेकिन यह नहीं कहा गया।

एक और अहम बात जो पूरी चर्चा में मिसिंग रही वह ये है कि भारत को कितना नुकसान हुआ। पेंसिल टूटने की बात कही गई लेकिन यह भारत के प्रतिरक्षा प्रमुख यानी सीडीसी जनरल अनिल चौहान की बात का स्पष्टीकरण नहीं है और न जकार्ता दूतावास के भारत के डिफेंसे अताशे कैप्टेन शिवकुमार की बात का जवाब है। दोनों ने भारत के नुकसान की बात कही थी। कैप्टेन शिवकुमार ने तो नुकसान के लिए राजनीतिक फैसले को जिम्मेदार बताया था। लेकिन पूरी बहस में सरकार की ओर से इसका जवाब नहीं दिया गया। भारत को कितना और क्या नुकसान हुआ यह बताया जाना चाहिए था या फिर यह कहा जाना चाहिए था कि सेना के दोनों अधिकारियों ने जो कहा वह सही नहीं है।

भारत और पाकिस्तान के बीच हुई सीमित जंग में चीन सक्रिय भागीदार था और यह बात भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि चीन ने पाकिस्तान का इस्तेमाल किया। उसने पाकिस्तान के जरिए भारत के खिलाफ अपने हथियारों का परीक्षण किया। भारत के खिलाफ युद्ध में चीन की सक्रिय भागीदारी के बावजूद रक्षा मंत्री और विदेश मंत्री दोनों चीन के दौरे पर गए और जब आपेरशन सिंदूर पर संसद में चर्चा हुई तो उस बारे में कुछ नहीं कहा गया। यह सही है कि इतने बड़ा घटनाक्रम के बावजूद भाजपा और नरेंद्र मोदी को कोई राजनीतिक नुकसान होता नहीं दिख रहा है। लेकिन समर्थक वर्ग को परवाह नहीं है क्या इस वजह से इतने अहम सवालों का जवाब नहीं दिया जाएगा?

# भारत—अमेरिका व्यापार संबंधों में नया तनाव

**विनीत नारायण**

हाल में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत से आयातित सामान पर 25 प्रतिशत टैरिफ और रूस से तेल और हथियारों की खरीद के लिए अतिरिक्त दंड की घोषणा की।

यह कदम भारत—अमेरिका व्यापार संबंधों में महत्त्वपूर्ण मोड़ के रूप में देखा जा रहा है, विशेष रूप से तब जब दोनों देश एक व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। ट्रंप ने भारत और रूस को मृत अर्थव्यवस्था (डेड इकानमी) कह कर निशाना बनाया और भारत के उच्च टैरिफ और गैर—मौद्रिक व्यापार बाधाओं को इसका कारण बताया।

ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल में वैश्विक व्यापार को प्रभावित करने वाली आक्रामक टैरिफ नीतियों को अपनाया है। 7 अगस्त, 2025 से लागू होने वाले 25 प्रतिशत टैरिफ का ऐलान करते हुए ट्रंप ने इसके लिए भारत के रूस से तेल और सैन्य उपकरणों की खरीद को प्रमुख कारण बताया। उनके अनुसार, भारत रूस का सबसे बड़ा ऊर्जा खरीदार है, जो यूक्रेन में रूस के सैन्य अभियान के समय में अस्वीकार्य है। इसके अतिरिक्त, ट्रंप ने भारत के उच्च टैरिफ (जिसे उन्होंने दुनिया में सबसे अधिक बताया) और गैर—मौद्रिक व्यापार बाधाओं की भी आलोचना की। ट्रंप ने पहले 20—25 प्रतिशत टैरिफ की संभावना जताई थी, लेकिन अंतिम घोषणा में अतिरिक्त दंड भी शामिल किया गया। यह कदम भारत के फार्मास्यूटिकल्स, कपड़ा, र प्रतिशत और आभूषण और आटोमोबाइल जैसे क्षेत्रों को प्रभावित कर सकता है, जो अमेरिका के साथ भारत के व्यापार के महत्त्वपूर्ण हिस्सा हैं।



कांग्रेस नेता और लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने ट्रंप के मृत अर्थव्यवस्था वाले बयान का समर्थन करते हुए केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। कहा, हां, ट्रंप सही हैं। हर कोई जानता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था मृत है, सिवाय प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री के। मुझे खुशी है कि ट्रंप ने यह तथ्य सामने रखा। दुनिया जानती है कि भारतीय अर्थव्यवस्था खत्म हो चुकी है। भाजपा ने अडानी को मदद करने के लिए अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया। राहुल ने मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों पर सवाल उठाए, विशेष रूप से नोटबंदी और त्रुटिपूर्ण जीएसटी अर्थव्यवस्था के पतन के कारण बताए। उन्होंने यह भी पूछा कि ट्रंप के भारत—पाकिस्तान सीजफायर को लेकर बार—बार किए जा रहे दावों पर प्रधानमंत्री की चुप्पी क्यों है?

कांग्रेस पार्टी ने इस टैरिफ को भारत की विदेश नीति की विफलता के रूप में चित्रित किया। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा, राहुल गांधी ने पहले ही इस बारे में चेतावनी दे दी थी। यह टैरिफ हमारी अर्थव्यवस्था, निर्यात, उत्पादन और रोजगार पर असर डालेगा। हम अमेरिका को फार्मास्यूटिकल्स निर्यात करते हैं, और 25 प्रतिशत टैरिफ से ये महंगे हो जाएंगे जिससे मांग कम होगी और उत्पादन तथा रोजगार पर असर पड़ेगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी प्रधानमंत्री की चुप्पी पर सवाल उठाए और टैरिफ को भारत के व्यापार, एमएसएमई और किसानों के लिए हानिकारक बताया। अन्य विपक्षी नेताओं ने भी इस मुद्दे पर सरकार की आलोचना की। समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने इसे भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बुरे दिनों की शुरुआत बताया, जबकि असदुद्दीन ओवैसी ने ट्रंप को व्हाइट हाउस का जोकर कह कर उनकी आलोचना की।

वहीं, अर्थशास्त्रियों ने इस टैरिफ के भारत की अर्थव्यवस्था पर संभावित प्रभाव को लेकर मिश्रित राय व्यक्त की है। कुछ का मानना है कि इसका प्रभाव सीमित होगा जबकि अन्य ने दीर्घकालिक नुकसान की चेतावनी दी है। इंवेस्टमेंट इनफार्मेशन एंड क्रेडिट रेटिंग एजेंसी आफ इंडिया (इक्रा) की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, प्रस्तावित टैरिफ और दंड हमारी अपेक्षा से अधिक हैं, और इससे भारत की जीडीपी की वृद्धि पर असर पड़ सकता है। प्रभाव की गंभीरता दंड के आकार पर निर्भर करेगी। अर्नेस्ट एंड यंग इंडिया (ईवाई) के व्यापार नीति विशेषज्ञ अग्नेर सेन ने कहा, टैरिफ से समुद्री उत्पाद, फार्मास्यूटिकल्स, कपड़ा, चमड़ा और आटोमोबाइल जैसे क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित होंगे। ये क्षेत्र भारत—अमेरिका व्यापार में मजबूत हैं, और टैरिफ से इनकी प्रतिस्पर्धात्मकता कम हो सकती है। फाउंडेशन फार इकोनामिक डवलपमेंट के राहुल अहलूवालिया ने चेतावनी दी कि टैरिफ भारत को वियतनाम व चीन जैसी अन्य एशियाई अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में कमजोर कर सकता है। उनके अनुसार, निर्यात आपूर्ति श्रृंखलाओं के भारत की ओर स्थानांतरण की संभावना नहीं है।

हालांकि, कुछ विशेषज्ञों ने आशावादी रुख भी अपनाया है। फिक्की के अध्यक्ष हर्षवर्धन अग्रवाल ने कहा, हालांकि यह कदम दुर्भाग्यपूर्ण है और हमारे निर्यात पर असर डालेगा।

## रजनीकांत की फिल्म कुली का दूसरा गाना मोनिका रिलीज

थलाइवा रजनीकांत की आगामी फिल्म कुली का दूसरा सिंगल सॉन्ग मोनिका आज रिलीज हो चुका है। इस गाने में पूजा ने अपने जबरदस्त डांस से फैंस का दिल जीत लिया है। इस गाने में पूजा रेट्रो अवतार में नजर आईं।

निर्माताओं ने आज इंस्टाग्राम पर फिल्म कुली से पूजा हेगड़े का दूसरा सिंगल सॉन्ग मोनिका शेयर किया। इस लुक में पूजा रेड थाई स्लिट ड्रेस में बेहद ही खूबसूरत दिख रही हैं। पूजा का स्टाइल और डांस दोनों ही फैंस को पसंद आ रहा है। निर्माताओं ने पूजा के इस गाने का वीडियो शेयर किया और साथ ही कैप्शन में लिखा, मोनिका, मेरी प्यारी मोनिका! कुली का दूसरा सिंगल प्तमोनिका, जिसमें मुख्य भूमिका में हैं हेगड़े पूजा हैं। कुली 14 अगस्त से दुनिया भर में रिलीज होगी।



लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित कुली में रजनीकांत मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। रजनीकांत के अलावा फिल्म में कई स्टार कलाकार और आमिर खान का कैमियो है। यह फिल्म 14 अगस्त, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। कलानिधि मारन की सन पिक्चर्स द्वारा निर्मित इस फिल्म में रजनीकांत, नागार्जुन, उपेन्द्र, सौबिन शाहिर, सत्यराज, श्रुति हासन, रेबा मोनिका जॉन, जूनियर एमजीआर, मोनिशा ब्लेसी और काली वेंकट शामिल हैं।

पूजा का धमाकेदार डांस और लुक देखने के बाद फैंस जमकर तारीफ कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, वाह क्या लग रहा है गाना, एक और फैन ने लिखा, चार्टबस्टर, एक और फैन ने लिखा, सबसे प्यारा, एक और फैन ने लिखा, हमारे रॉकस्टार का एक और धमाकेदार गीत, एक और फैन ने लिखा, अगला ट्रेंडिंग गाना, एक और फैन ने लिखा, पूजा बेहद खूबसूरत हैं,एक और फैन ने लिखा, लाजवाब।

## ऑस्ट्रेलिया के इन गेंदबाजों ने झटके हैं दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सबसे ज्यादा विकेट

नईदिल्ली,दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के बीच 3 मैचों की टी—20 सीरीज का आगाज 10 अगस्त से होने जा रहा है। अब तक दोनों टीमें के बीच खेले गए टी—20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में कंगारू टीम का पलड़ा भारी रहा है। ऐसे में मिचेल मार्श की टीमे दबदबे को इस सीरीज में भी कायम रखना चाहेगी। आइए ऑस्ट्रेलिया के उन गेंदबाजों पर नजर डालते हैं, जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इस प्रारूप में सबसे ज्यादा विकेट चटकाए हैं। पैट कमिंस इस सूची में पहले स्थान पर हैं। हालांकि, उन्हें इस सीरीज से आराम दिया गया है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना पहला टी—20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला 2011 में खेला था। कमिंस ने 10 मैचों की 10 पारियों में 17.53 की औसत से 13 विकेट चटकाए हैं। उनकी इकॉनमी 6.16 की रही है। कमिंस का इस टीम के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 3/25 का रहा है। आखिरी बार वह इस टीम के खिलाफ 2021 में खेलते हुए नजर आए थे। कंगारू टीम के पूर्व ऑलराउंडर खिलाड़ी जेम्स फॉकनर इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं।

## विराट कोहली वनडे में वापसी के लिए तैयार

नईदिल्ली,भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खत्म होते ही स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने वनडे क्रिकेट में वापसी के लिए अभ्यास शुरू कर दिया है. जिसकी उन्होंने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर भी साझा की है. जिसमें वो नेट सत्र में गुजरात टाइटन्स के सहायक कोच नईम अमीन के साथ पोज देते नजर आ रहे हैं. कोहली ने नईम के साथ तस्वीर साझा करते हुए अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, ट्रेनिंग में मदद करने के लिए धन्यवाद, भाई. आपसे मिलकर हमेशा अच्छा लगता है.

बता दें कि हाल ही में भारतीय टेस्ट टीम ने इंग्लैंड को आखिरी टेस्ट में 6 रनों से हराकर 5 मैचों की सीरीज 2—2 से बराबर कर दी थी. इसके बाद टीम इंडिया का अगला मैच एशिया कप है जो 9 सितंबर से शुरू हो रहा है. फिर उसके बाद अक्टूबर में वेस्टइंडीज से 2 मैचों की टेस्ट सीरीज है. लेकिन भारत का



वनडे मैच 19 अक्टूबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होगा. जिसके लिए 36 वर्षीय कोहली ट्रेनिंग कर रहे है. आईपीएल ट्रॉफी उठाने के बाद ये कोहली का पहला प्रशिक्षण सत्र था.

बता दें कि विराट कोहली टी20 आई और टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं, अब वो केवल वनडे में ही खेलते हुए नजर आएंगे. मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, पूर्व भारतीय कप्तान 19 से 25 अक्टूबर तक ऑस्ट्रेलिया में होने वाली तीन वनडे सीरीज के लिए राष्ट्रीय टीम का हिस्सा हो सकते हैं. कोहली के 2027 के एकदिवसीय विश्व कप तक खेलने की उम्मीद है, और वह इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले मिलने वाले हर मौके का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे. चैंपियंस ट्रॉफी में वह अच्छी फॉर्म में थे, उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ शतक और न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में अर्धशतक बनाया था. 2025 में अब तक, कोहली ने 45.83 की औसत से 275 रन बनाए हैं.बता दें कि विराट कोहली ने आखिरी बार जून में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए क्रिकेट खेला था, जहां वह आरसीबी की प्लेइंग इलेवन के सदस्य थे, जिसने आईपीएल 2025 के फाइनल में पंजाब किंग्स को हराकर पहली बार ट्रॉफी जीती थी.

## बॉक्स ऑफिस पर तीसरे सप्ताह में भी करोड़ों कमा रही सैयारा, अब तक हुई इतनी कमाई



अहान पांडे और अनीत पड्डा की फिल्म सैयारा पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा रही है। आलम यह है कि तीसरे सप्ताह में भी यह करोड़ो में कमा रही है। फिल्म का तूफान थमने का नाम नहीं ले रहा है। फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 20 दिन पूरे हो गए हैं। आए दिन यह कोई न कोई रिकॉर्ड तोड़ रही है। आइए बताते हैं सैयारा ने 20वें दिन बॉक्स ऑफिस पर कैसा प्रदर्शन किया। बॉक्स ऑफिस का ब्योरा रखने वाली वेबसाइट सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, सैयारा ने अपनी रिलीज के 20वें दिन यानी तीसरे बुधवार को 2 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 306.60 करोड़ रुपये हो गया है। इस ब्लॉकबस्टर फिल्म ने दुनियाभर में 500 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर लिया है। दिलचस्प बात यह है कि इस फिल्म को बनाने में केवल 45 करोड़ रुपये लगे हैं। सैयारा की कहानी की नायिका वाणी बत्रा (अनीत पड्डा) हैं, जिनका दिल टूट चुका है और हीरो हैं कृष कपूर (अहान पांडे) जो अपने सपने जोड़ने निकले हैं।

## बॉक्स ऑफिस पर धड़क 2 को नसीब नहीं हो रहे दर्शक

तृप्ति डिमरी और सिद्धांत चतुर्वेदी की फिल्म धड़क 2 का बॉक्स ऑफिस पर हाल बेहाल है। यह फिल्म सिनेमाघरों में अपनी आखिरी सांसे गिनती नजर आ रही हैं। इस रोमांटिक फिल्म से निर्माताओं को बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल दिखाती नजर नहीं आ रही है। हर दिन फिल्म की कमाई घटती जा रही है। अब धड़क 2 की कमाई के छठे दिन के आंकड़े सामने आ चुके हैं, जो बेहद निराशाजनक हैं। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, धड़क 2 ने रिलीज के छठे दिन 1 करोड़ रुपये कमाए। इस तरह 6 दिन में इस फिल्म ने केवल 15.40 करोड़ रुपये ही कमाए हैं।

## पाकिस्तान ने पहले वनडे में वेस्टइंडीज को हराया

नईदिल्ली,पाकिस्तान ने तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले मैच में मेजबान वेस्टइंडीज के 5 विकेट से हराकर सीरीज में 1– 0 की बढ़त बना ली है. त्रिनिदाद के ब्रायन लारा स्टेडियम में खेले गए पहले मैच में वेस्टइंडीज की पूरी टीम 49 ओवर में 280 रनों पर सिमट गई. जवाब में पाकिस्तान ने 281 रनों के लक्ष्य को 48.5 और में 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया. सीरीज का दूसरा मैच 10 अगस्त को खेला जाएगा. इस मैच में पाकिस्तानी बल्लेबाज हसन नवाज ने वनडे में वेस्टइंडीज के खिलाफ पदार्पण किया.



इस अवसर पर पाकिस्तानी टीम के मैनेजर नवीद अकरम चीमा ने हसन नवाज को उनकी डेब्यू कैप प्रदान की, साथी खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ ने हसन नवाज के लिए अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की. पाकिस्तान की ओर से साइम अयूब ने 5, अब्दुल्ला शफीक ने 29, बाबर आजम ने 47, सलमान आगा ने 23 और मोहम्मद रिजवान ने 53 रनों की पारी खेली. जबकि पाकिस्तान के लिए वनडे में अपना मैच खेल रहे हसन नवाज ने 54 गेंदों पर नाबाद 63 रनों शानादर मैच जिताऊ पारी खेली, जिसमें 5 चौके और 3 छक्के भी शामिल थे. दूसरी तरफ उनके साथी खिलाड़ी हुसैन तलत 37 गेंदों पर 41 रन बनाकर नाबाद रहे. हसन नवाज की शानदार बल्लेबाजी की वजह से उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड दिया गया. बड़ी बात ये है कि हसन नवाज उस समय बल्लेबाज करने आए थे जब पाकिस्तान ने 180 के स्कोर पर ही अपने 5 विकेट खो दिए थे और उसे जीत के लिए अभी भी 101 रनों की जरूरत थी. इस मुश्किल समय में प्रेशर को हैंडल करना एक डेब्युटेंट के लिए आसान नहीं था, लेकिन इस स्थिति में भी हसन नवाज ने जिस खेल का प्रदर्शन किया वो कमाल का था और दूसरी तरफ हुसैन तलत ने भी उनका बखूबी साथ दिया.

## एक नजर

### बीजेपी ने रचना बुटोला को बनाया जिला पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : भाजपा ने जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए कोट ब्लाक की धोलकंडी सीट से जिला पंचायत सदस्य का चुनाव दोबारा जीत कर आई निवर्तमान जिला पंचायत उपाध्यक्ष रचना बुटोला को प्रत्याशी बनाया है। 38 सीटों वाली पौड़ी जिला पंचायत में अध्यक्ष के लिए यदि सीधी टक्कर होती हैं तो 20 सदस्य बहुमत के लिए चाहिए। अभी जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी पर भाजपा ही काबिज थीं, लिहाजा पार्टी इस सीट को बचाने के लिए गुणा भाग में जुटी हुई हैं।

रचना बुटोला ने पूर्व शिक्षा मंत्री नरेंद्र सिंह भंड़ारी के बेटे दीपेंद्र भंडारी को हरा कर चुनाव जीता। वह शुरू से ही जिला पंचायत अध्यक्ष पद की प्रबल दावेदार मानी जा रही थी। अब वह अध्यक्ष पद के लिए भाजपा से मैदान में होगी। जिला पंचायत चुनाव में भाजपा के 14 जिला पंचायत सदस्य अधिकृत जीते हुए हैं। हालांकि भाजपा ने 17 से अधिक के जीतने का दावा किया है। पार्टी ने जिले की कुछ सीटों पर प्रत्याशी अधिकृत भी नहीं किए थे और इन सीटों को खुला ही छोड़ दिया था। पार्टी पदाधिकारियों की माने तो कई सदस्य उनकी विचारधारा के जीतकर आए है।

### छात्राओं ने बांधी राखी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : क्रिएटिव चिल्ड्रन एकेडमी शिवपुर में रक्षाबंधन का त्योहार मनाया गया। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं ने छात्रों की कलाई पर राखी बांधी।

आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य दीपक गौड़ ने विद्यार्थियों को रक्षाबंधन के महत्व के बारे में बताया। कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के प्रेम का अटूट बंधन है। इस दिन बहन भाई की कलाई में रक्षासूत्र बांधती है और भाई उनकी रक्षा का संकल्प लेता है।

### 11 अगस्त को होगा धार्मिक आयोजन

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : विकासखंड कल्जीखाल के ग्राम थनूल स्थित प्राचीन थानेश्वर महादेव मंदिर में सावन के अंतिम सोमवार को धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन विगत वर्षों की भांति इस वर्ष किया जाएगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का भी सम्मान किया जाएगा। थानेदार महादेव मंदिर के अध्यक्ष जगमोहन डांगी ने बताया कि सावन के अंतिम सोमवार 11 अगस्त को बीएस नयाल एवं परिवार की ओर से भंडारे का आयोजन किया जायेगा। बताया कि श्रद्धालुओं के सुविधा के लिए बनेख-दिउसी-थनूल मोटर मार्ग यातायात के लिए सुचारू रूप से खोल दिया है।

### स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

श्रीनगर गढ़वाल : श्रीनगर पुलिस ने जनासू-खन्दूखाल रोड पर चेकिंग अभियान के दौरान अभिषेक, जितेन्द्र प्रसाद निवासी उफल्डा को 3.14 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। कोतवाली श्रीनगर प्रभारी जयपाल नेगी ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध कोतवाली श्रीनगर में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी के आपराधिक इतिहास की जानकारी लेते हुए न्यायालय के समक्ष पेश कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। बताया कि बरामद स्मैक की कीमत 95 हजार रुपये है। (एजेंसी)

### आपदा प्रभावित चमन का जाना हाल

श्रीनगर गढ़वाल : भारी बारिश से पाबौ ब्लॉक के अंतर्गत फल्दवाड़ी गांव में आई प्राकृतिक आपदा के दौरान ग्रामीण चमन सिंह राणा के मकान को गंभीर क्षति पहुंची है। इस हादसे में वे बाल-बाल बचे और उनके पैरों में चोटें आई हैं। शनिवार को श्रीकोट बेस अस्पताल में भर्ती घायल चमन के स्वास्थ्य का हालचाल जानने श्रीनगर मंडल अध्यक्ष विनय घिल्डियाल और जिला मीडिया प्रभारी गणेश भट्ट पहुंचे। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आपदा प्रभावितों के हित में हरसम्भव मदद करने का आश्वासन दिया है। (एजेंसी)

### धूमधाम से मनाया रक्षाबंधन का पर्व

चमोली : शनिवार को कर्णप्रयाग, सिमली, गौचर, आदिबदरी, नौटी, नंदासैंण, कालेश्वर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में रक्षा बंधन का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने भाइयों की कलाई पर रंग बिरंगी राखियां बाधी। इस दौरान लोगों ने अपने इष्ट देवों की पूजा अर्चना की और घरों में पकवान बनाकर देवताओं को भोग लगाया। कर्णप्रयाग के उमा देवी मंदिर और सिमली व लंगासू में चंडिका देवी मंदिर में भक्तों की काफी भीड़ उमड़ी।

# बरसात के मौसम में बढ़े सब्जी के दाम



कोटद्वार के गोखले मार्ग में लगी सब्जी की दुकान

**सब्जियों के भाव (रुपये प्रति किलो)**

| सब्जी | एक सप्ताह पूर्व | भाव |
|---|---|---|
| टमाटर | 30 | 80 |
| फूलगोभी | 60 | 80-100 |
| शिमलामिर्च | 70 | 100 |
| बींस | 60 | 80 |
| आलू | 30 | 40 |
| लौकी | 20 | 30 |

### टमाटर सहित अन्य सब्जियों के दोगुने हुए दाम

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : बरसात के मौसम में सब्जियों के दाम दोगुने हो गए हैं। पिछले एक सप्ताह से लगातार सब्जियों के दामों में बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है। कुछ दिन पूर्व तीस रुपये किलो बिकने वाला टमाटर 80 रुपये पहुंच गया है। ऐसे में सबसे अधिक परेशानी गरीब परिवारों को हो रही है। सब्जी के बढ़ते दामों ने रसोई का बजट बिगाड़ दिया है।

कोटद्वार शहर में अधिकांश सब्जी उत्तर प्रदेश सहित अन्य मैदानी क्षेत्रों से आती है। ऐसे में मैदानी क्षेत्रों में हो रही वर्षा ने शहर में सब्जियों के दाम बढ़ा दिए हैं। सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि वर्षा के कारण खेतों में फसल खराब हो जाती है, जिससे थोक मंडियों में सब्जियों की कमी होने से दाम बढ़ जाते है। बताया कि वर्षाकाल में अभी सब्जियों के दाम और अधिक बढ़ सकते हैं।

दाम बढ़ने से उपभोक्ता कम ही मात्रा में सब्जी खरीद रहे हैं। गृहणी शांति देवी, मुन्नी देवी ने बताया कि बाजार में प्रतिदिन सब्जी के बढ़े हुए दाम आ रहे हैं, जिससे रसोई का बजट बिगड़ गया है। महंगाई पर नियंत्रण रखने के लिए सरकार को योजना बनानी चाहिए। सब्जी हर परिवार की जरूरत होती है।

# धूमधाम से मनाया रक्षाबंधन का पर्व, राखी से सजी भाई की कलाई

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : शनिवार को क्षेत्र में रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। भाई की कलाई पर राखी बांधने के लिए बहनों में उत्साह बना हुआ था।

बहनों ने अपने भाई की कलाई पर राखी बांधते हुए उनकी दीर्घायु की कामना की। वहीं, भाईयों ने बहनों को तरह-तरह के उपहार दिए। रक्षाबंधन को लेकर शहर में उत्साह बना हुआ था।

शनिवार को रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया। सुबह से ही बहनों में भाई की कलाई पर राखी बांधने के लिए उत्साह बना हुआ था। रक्षाबंधन को लेकर बच्चे सबसे अधिक उत्साहित नजर आए। इस दौरान बाजार में भी काफी भीड़ उमड़ी हुई थी। लोगों ने अपनी बहनों के लिए तरह-तरह के उपहार खरीदे। सबसे अधिक भीड़ मिष्ठानों की दुकान में लगी हुई थी। रक्षाबंधन को लेकर दुकानों में तरह-तरह के मिष्ठान बनाए गए थे। शहरवासियों ने एक-दूसरे को रक्षाबंधन की बधाईयां दी।



भाई की कलाई पर राखी बांधती बहन

# आपदा प्रभावितों को जरूरी सामान उपलब्ध कराने की मांग

### पेयजल योजनाएं क्षतिग्रस्त, ग्रामीण प्राकृतिक स्रोतों पर निर्भर

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : बीते दिनों हुई भारी बारिश से जिले के पाबौ ब्लाक के कलूंण में पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त होने से पेयजल आपूर्ति बाधित हुई है। जिस कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वही, उत्तराखंड क्रांति दल ने जिले के आपदाग्रस्त क्षेत्र कलगड़ी, सैंजी, बुरांसी, ताल सहित सभी गांवों के लोगों को आपदा में बह गये जरूरी समान गैस सिलेंडर, जरूरी घरेलू सामान को जल्द से जल्द उपलब्ध कराने की मांग की है।

जिले के नौली, धारकोट, नौडियाल गांव, घीडी, नानसू में ज्वाल्पा देवी पंपिंग योजना क्षतिग्रस्त होने से पेयजल आपूर्ति बाधित हुई है। इन गांवों में ग्रामीण पेयजल के लिए प्राकृतिक स्त्रोतों पर निर्भर है। भारी बारिश से कफोलस्यूं में सुभाष मलासी के घर व शौचालय को खतरा पैदा हो गया है। भारी बारिश व मलबा आने से उनके घर के पीछे 15 मीटर के लगभग भारी भूस्खलन के कारण आम रास्ता पूरा खत्म हो गया। उन्होंने बताया कि बारिश हुई तो उनका पूरा मकान भूस्खलन की जद में आ सकता है। उन्होंने जल्द ही प्रशासन से राहत दिलाने की मांग की है। यूकेडी के केंद्रीय उपाध्यक्ष आशुतोष नेगी ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए आपदाग्रस्त क्षेत्रों में जल्द ही विद्युत, पेयजल सप्लाई जल्द सुचारू करने की मांग की। इस मौके पर उक्रांद के जिलाध्यक्ष पौड़ी अर्जुन नेगी, अंकित रावत ने भी सबदरखाल क्षेत्र में गंदे पेयजल की सप्लाई, कूड़ा निस्तारण आदि समस्या का समाधान करने की मांग की है।

### पार्षदों की आख्या को मिले मान्यता

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : राशन कार्ड सत्यापन को लेकर आम जनता की परेशानी पर पार्षद ने रोष व्यक्त किया है। पार्षद ने परिवार रजिस्टर सदस्य को मान्य करने के लिए पार्षद की आख्या को भी मान्य करने की मांग की है। कहा कि इससे लोगों को काफी राहत मिलेगी। तहसील में सुबह से ही आय प्रमाण पत्र बनाने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। इस संबंध में पार्षद सौरभ नाडियाल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा। बताया कि वर्तमान में राशन कार्ड सत्यापन के लिए आय प्रमाण पत्र बनाए जा रहे हैं। कुछ उपभोक्ताओं ने पूर्व में अन्य कार्यों के लिए आय प्रमाण पत्र बनाए थे। ऐसे में जब वह खाद्य आपूर्ति विभाग में उक्त आय प्रमाण पत्र को जमा कर रहे हैं तो अधिकारी नया प्रमाण पत्र बनवाने के लिए कह रहा हैं। कहा कि एक व्यक्ति को एक वर्ष के भीतर दो आय प्रमाण पत्र बनाना नियमों के विरुद्ध है। कहा कि पार्षदों की आध्या के आधार पर परिवार रजिस्टर सदस्य को मान्य किया जाना चाहिए। साथ ही पूर्व में बने आय प्रमाण पत्र को भी मान्य किया जाएं।

# क्षतिग्रस्त हुआ स्यालनी-जौरासी मोटर मार्ग, चुनौती बना सफर

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : पर्वतीय क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश से गांव को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग क्षतिग्रस्त हो गए हैं। दो दिन पूर्व हुई भारी बारिश से विकासखंड दुगड्डा के अंतर्गत स्यालनी-जौरासी मोटर मार्ग जगह-जगह धराशायी हो गया है। ऐसे में ग्रामीणों के आवागमन में चुनौती खड़ी हो गई है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से जल्द मार्ग मरम्मत करवाने की मांग की है।

इस कारण मोटर मार्ग से जुड़े लगभग पांच गांवों के ग्रामीणों को मुख्य मार्ग तक पहुंचने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है।

शनिवार को ग्राम सभा जौरासी के ग्राम प्रधान चंडी प्रसाद कुकरेती ने बताया कि अतिवृष्टि के कारण सड़क के जगह-जगह पर क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण ग्रामीणों का मुख्य बाजार से संपर्क कट गया है। गांवों में सब्जी व दैनिक दिनचर्या के सामानों के वाहन न पहुंचने के कारण कई चीजों की कमी हो गई है। इससे सबसे अधिक परेशानी बीमार लोगों को हो रही है। उन्हें अस्पताल तक पहुंचाने के लिए लंबी दूरी तय कर मुख्य मार्ग तक पहुंचना पड़ रहा है। बताया कि इस संबध में उन्होंने क्षतिग्रस्त मोटर मार्ग का वीडियो क्लिप तैयार कर जिलाधिकारी पौड़ी, उप जिलाधिकारी तहसील कोटद्वार, अधिशासी अभियन्ता पीएमजीएसवाइ को प्रेषित कर मोटर मार्ग की दैवी आपदा मद के अन्तर्गत शीघ्र मरम्मत करने की मांग की है।



# विद्यालय में प्रवेश लेने वाले नए विद्यार्थियों का किया यज्ञोपवीत

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : रक्षाबंधन के पर्व पर शनिवार को श्री ज्वाल्पा देवी मंदिर समिति की ओर से श्री ज्वाल्पाधाम संस्कृत उत्तर मध्यमा विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय में नव प्रवेशी छः छात्रों का यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न करवाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक राजेश प्रकाश थपलियाल ने कहा कि छात्रों का यज्ञोपवीत संस्कार, जिसे जनेऊ संस्कार भी कहा जाता है, एक महत्वपूर्ण हिंदू संस्कार है, जो छात्रों को औपचारिक शिक्षा और आध्यात्मिक जीवन में प्रवेश करने का प्रतीक है। यह सोलह संस्कारों में से एक है। कहा कि यज्ञोपवीत संस्कार छात्रों को ज्ञान, नैतिकता और आध्यात्मिक मूल्यों की शिक्षा देता है। यह उन्हें अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को समझने में मदद करता है और उन्हें एक बेहतर इंसान बनने के लिए प्रेरित करता है। इस अवसर पर राजेंद्र प्रसाद, कालिका प्रसाद, प्रदीप थपलियाल, कांता प्रसाद, चक्रधर शर्मा, विनय कुमार और सुभाष चंद्र सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



यज्ञोपवीत संस्कार में भाग लेते विद्यार्थी

### जिले में धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन पर्व

रुद्रप्रयाग : जिला मुख्यालय सहित सम्पूर्ण जनपद में भाई-बहन का पवित्र त्योहार रक्षाबंधन धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर बहनों ने अपने भाइयों के हाथों पर राखी बांधकर उसके लंबे उम्र की कामना की। जबकि भाइयों ने अपनी बहनों को अनेक प्रकार के उपहार भेंट किए। रक्षाबंधन के त्यौहार को लेकर जिला मुख्यालय में बहनें सुबह नहा धोकर तैयार हो गई थी। बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक कर उनकी कलाई पर रक्षा का सूत्र बांधा। तथा भाई की लंबी उम्र की कामना की। भाईयों ने बहन की रक्षा का संकल्प भी लिया। वहीं ब्राह्मणों ने भी अपने यममानों के यहां जाकर जनेऊ वितरित किए। जिसके बदले में यममानों ने ब्राह्मणों को दक्षिणा दी। जिला मुख्यालय के साथ ही तिलवाडा, अगस्त्यमुनि, चन्द्रापुरी, ऊखीमठ, गुप्तकाशी, फाटा, गौरीकुंड, मयाली, जखोली, चोपड़ा व चोपता समेत कई स्थानों पर भी भाई-बहन के पवित्र त्यौहार रक्षाबंधन धूमधाम के साथ मनाया गया। (एजेंसी)

# शिव पार्वती की झांकी ने मोहा मन

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : उमरावनगर में महाकालेश्वर मंदिर में चल रहे शिव महापुराण के पांचवें दिन भगवान शंकर व माँ पार्वती की झांकी निकाली गई। इस दौरान कथा श्रवण के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी।

शिव पुराण कथा के पांचवे दिन आचार्य राकेश चंद्र लखेड़ा ने एक ब्राह्मणी व पार्वती का प्रसंग सुनाया। कहा कि शिव एवं पार्वती के विवाह संपन्न होने के बाद ब्राह्मणी ने पार्वती को समझाया कि पति के भोजन करने के बाद ही पत्नी को भोजन ग्रहण करना चाहिए, पत्नी को पति की आज्ञा का पालन करना चाहिए। पतिव्रता नारी को द्वार पर खड़ा नहीं होना चाहिए, दूसरो के घरों में बिना कारण अधिक समय तक नहीं बैठना चाहिए, पति कैसा भी उसका त्याग कतई नहीं करना चाहिए, पति की आज्ञा के बगैर तीर्थ यात्रा पर नहीं जाना चाहिए। व्यभिचारिणी स्त्रियों से कभी भी मित्रता नहीं करनी चाहिए, पति को सदेव अपना देवता मानना चाहिए। कहा कि पतिव्रता नारी व गंगा में कोई भेद नहीं होता है। इस मौके पर आचार्य देवेंद्र ध्यानी, आचार्य पंकज सुंद्रियाल, आचार्य रोशन नौटियाल, गोविंद गौड, संजय ध्यानी, रेवत राम ध्यानी, श्याम सिंह गुसांई, सुरेंद्र, पंचम सिंह मौजूद रहे।



शिव महापुराण श्रवण को पहुंचे श्रद्धालु

# अवैध स्मैक रखने व बेचने का दोष सिद्ध, चार साल की हुई सजा



जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : सत्र न्यायाधीश पौड़ी की अदालत ने अवैध स्मैक कब्जे में रखने और उसे बेचने के दोषी को चार वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने साथ ही दोषी पर पांच हजार का अर्थदंड भी लगाया है। जिला शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि मामले में अभियोजन की ओर से 8 गवाह कोर्ट में प्रस्तुत किए गए। जिला शासकीय अधिवक्ता प्रदीप कुमार भट्ट ने बताया कि 30 जून 2019 को कोतवाली श्रीनगर पुलिस श्रीयंत्र टापू के पास श्रीनगर में चेकिंग कर रही थी। चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक बाइक सवार को रोका, लेकिन बाइक सवार भागने का प्रयास करने लगा।

पुलिस ने बाइक सवार को पकड़कर भागने का कारण पूछा तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। पुलिस ने चेकिंग करने पर बाइक सवार राजू कार्की के कब्जे से 17.84 ग्राम अवैध स्मैक, एक इलेक्टानिक तराजू के साथ ही 29 हजार कैश बरामद किया। जिस पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। इसके बाद पुलिस ने अदालत के आदेश पर बरामद माल को विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा।

जिला शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने और मामले में पेश किए गए सबूतों व गवाहों के आधार पर आरोपी राजू कार्की को अवैध स्मैक कब्जे में रखने और बेचने का दोषी पाते हुए 4 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। मामले में अभियोजन की ओर से 8 गवाह कोर्ट में प्रस्तुत किए गए।

### ट्रीटमेंट कार्य में दो विभागों के बीच फंसा पेच

श्रीनगर गढ़वाल : नगर निगम क्षेत्रांतर्गत ग्लास हाउस के पास हुए भू-धंसाव के ट्रीटमेंट कार्य में दो विभागों के बीच पेच फंस गया है। गढ़वाल विवि की भूमि होने के कारण लोक निर्माण विभाग इस जगह पर हस्तक्षेप करने से मना कर रहा है, जबकि गढ़वाल विवि भी भूमि पर पीडब्ल्यूडी को एनओसी देनी की बात पर अड़ा हुआ है। ऐसे में दोनों विभागों ने प्रभावित जनता को अपने ही हाल में छोड़ दिया है। बताते चलें कि बीते 5 और 6 अगस्त को हुई तेज बारिश के कारण ग्लास हाउस के पास सड़क मार्ग पर भू धंसाव हो गया था, जिससे लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। भू-धंसाव से स्थानीय लोगों के घरों में दरारें पड़ना शुरू हो गई हैं। जिससे कभी भी कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है। भू-धंसाव के कारण विद्युत पोल सहित पेयजल लाइनें पूर्णरूप से टूट चुकी हैं।

### छात्रों का किया गया यज्ञोपवीत संस्कार

रुद्रप्रयाग : रक्षाबंधन के पवित्र मौके पर संस्कृत महाविद्यालय रुद्रप्रयाग में छात्रों का यज्ञोपवीत संस्कार किया गया। इसमें छात्रों ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। संस्कृत सप्ताह में श्रावणी पर्व पर श्री 108 स्वामी सच्चिदानंद वेदभवन संस्कृत विद्यालय रुद्रप्रयाग में नव प्रवेशी छात्रों का उपनयन संस्कार वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। साथ ही संस्कृत दिवस भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य शशि भूषण बमोला ने कहा कि यज्ञोपवीत पहनने का अर्थ है नैतिकता एवं मानवता के पुण्य कर्तव्यों को अपने कंधों पर उत्तरदायित्व के रूप में अनुभव करना और परमात्मा को प्राप्त करना है। सहायक निदेशक संस्कृत शिक्षा रुद्रप्रयाग मनसाराम मैंदुली ने कहा यह आयुवर्धक, पवित्रता, बल और तेज को बढ़ाने वाला होता है। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य देवी प्रसाद, जयप्रकाश गौड, सुखदेव प्रसाद सिलोडी, प्रवीण सती, कुलदीप डिमरी, विनय नैनवाल द्वारा छात्रों को समाज सेवा का संकल्प करवाया व आशीर्वाद दिया गया। इस मौक पर विद्यालय के सभी छात्र व अभिभावक, कर्मचारी मौजूद थे। (एजेंसी)

# लापता नेपाली मजदूरों का चार दिन बाद भी नहीं चला पता

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जनपद पौड़ी गढ़वाल की थलीसैंण तहसील के बाकुंडा में बीती 6 अगस्त से लापता 5 नेपाली मजदूरों का चार दिन बाद भी कोई पता नहीं पाया। पुलिस व एसडीआरएफ की टीम विगत छः अगस्त से लगातार सर्च अभियान चला रही है, लेकिन अभी तक मजदूरों का पता नहीं चल पाया है। थलीसैंण तहसील मुख्यालय से करीब 60 किलोमीटर दूर यह ऑपरेशन चल रहा है। गदेरे के साथ आया भारी मलबा की वजह से भी सर्च अभियान में जुटी टीम को काफी समय लग रहा है। लापता इन मजदूरों की खोजबीन के लिए शनिवार को अल्मोड़ा पुलिस व एसडीआरएफ की टीम ने सर्च अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने मौके से लेकर पूरे गदेरे में लापता मजदूरों की खोज की। बीती 6 अगस्त को बाकुंडा गांव के ऊपर से गदेरे में आए भारे मलबे और पानी के बहाव में जगतपुरी–देहघाट मोटरमार्ग के किनारे बाकुंडा में लगे नेपाली डेरा बह गया था। तभी से ये मजदूर भी लापता चल रहे है। क्षेत्र की खस्ता हाल सड़कों को खोलने में लोनिवि जुड़ा हुआ है। जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया ने बताया कि लापता पांच मजदूरों की खोजबीन में अल्मोड़ा पुलिस के साथ ही एसडीआरएफ की टीम सर्च अभियान चला रही है। गेदेरे से पानी के तेज बहाव में इन मजदूरों के बिनो नदी के बहाव में बहने की आशंका भी जताई जा रही है।

# उत्तरकाशी के धराली आपदा प्रभावितों के लिए मुख्यमंत्री ने की दो घोषणाएं

### आपदा में पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त मकानों के लिए मिलेगी 5 लाख की तत्काल सहायता राशि

जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद उत्तरकाशी के धराली गांव में हालिया आपदा से प्रभावित लोगों के पुनर्वास और राहत के लिए दो महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। यह कदम राज्य सरकार की संवेदनशीलता और आपदा प्रबंधन के प्रति तत्परता को दर्शाता है। आपदा में पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त मकानों के लिए 5 लाख रुपये की तत्काल सहायता राशि दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि ग्राम धराली, तहसील भटवाड़ी, जनपद उत्तरकाशी में आपदा से जिन लोगों के मकान पूर्णतः क्षतिग्रस्त या नष्ट हुए हैं, उनके पुनर्वास/विस्थापन हेतु 5.00 लाख की तत्काल सहायता राशि प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त, आपदा में मृतकों के परिजनों को भी 5 लाख रुपये की सहायता राशि दी जाएगी, ताकि उन्हें इस कठिन समय में आर्थिक सहारा मिल सके। मुख्यमंत्री ने आपदा से प्रभावित ग्राम वासियों के पुनर्वास, समग्र पुनरुद्धार एवं स्थायी आजीविका के सुदृढ़ीकरण के लिए एक तीन सदस्यीय समिति के गठन की घोषणा की है। यह समिति सचिव, राजस्व की अध्यक्षता में गठित की गई है, जो एक सप्ताह के भीतर अपनी प्राथमिक रिपोर्ट शासन को प्रस्तुत करेगी। यह समिति धराली गांव के भविष्य के लिए दीर्घकालिक एवं प्रभावी नीति का खाका तैयार करेगी, जिससे स्थानीय समुदाय की सुरक्षा और आजीविका सुनिश्चित की जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हर आपदा प्रभावित नागरिक के साथ खड़ी है और हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी। शासन स्तर पर राहत एवं पुनर्वास की कार्यवाही को त्वरित और प्रभावशाली रूप से क्रियान्वित किया जाएगा।

### थलाधार बासर में पीएचसी की स्वीकृति

नई टिहरी : स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भिलंगना ब्लाक के लिए सुखद खबर रही है कि थलाधार बासर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) की स्वीकृति मिली है। जिससे स्थानीय लोगों में हर्ष और उत्साह का माहौल है। इस स्वास्थ्य केंद्र से अब न केवल बासर बल्कि बूढ़ा केदार और भविष्य में भिलंग पट्टी की जनता को भी सीधा लाभ मिलेगा। लंबे समय से स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए जूझ रहे ग्रामीणों के लिए यह एक बहुप्रतीक्षित सौगात के रूप में सामने आया है। स्थानीय जनता ने विधायक शक्ति लाल शाह और प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया और इसे जनहित में लिया गया एक सराहनीय कदम बताया।

# पूर्व विधायक मुन्नी देवी शाह को दी अश्रुपूर्ण विदाई

चमोली : शुक्रवार को चमोली जिले के थराली विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक मुन्नी देवी शाह का 64 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। वे पिछले तीन माह से बीमार चल रही थी। उनका इलाज देहरादून के एक निजी अस्पताल में किया जा रहा था।

शनिवार को कर्णप्रयाग में अलकनंदा और पिंडर नदी के संगम पर शस्त्र झुकाकर राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर छा गई। मुन्नी देवी शाह ने 2018 में थराली विधानसभा सीट से उपचुनाव जीता था। वह चमोली जिले की जिला पंचायत अध्यक्ष भी रह चुकी हैं। उनके पति मगनलाल शाह भी थराली के विधायक रह चुके हैं। विधायक रहने के दौरान उनके पति का निधन हुआ था। उसके बाद थराली सीट पर वर्ष 2018 में उपचुनाव हुआ था और मुन्नी देवी शाह विधायक का चुनाव जीती थी। वर्तमान में मुन्नी देवी शाह के पुत्र गणेश शाह नगर पालिका परिषद कर्णप्रयाग के अध्यक्ष हैं। मुन्नी देवी को भाजपा की कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में जाना जाता था। अस्वस्थ होने के बावजूद नगर पालिका चुनाव के दौरान मुन्नी देवी शाह ने घर-घर जाकर भाजपा के लिए चुनाव प्रचार किया था। शनिवार सुबह उनके पार्थिव शरीर को देहरादून से उनके कर्णप्रयाग निवास स्थान पर लाया गया। उनके अंतिम दर्शनों के लिए थराली, कर्णप्रयाग सहित चमोली जिले के अन्य जगहों से भारी संख्या में लोग पहुंचे थे। मुन्नी देवी शाह समाजसेवा और जनहित के कार्यों में सक्रिय रूप से शामिल रहती थी। दोपहर करीब एक बजे संगम स्थल पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान लोगों ने उनको अश्रुर्ण विदाई दी। इस मौके पर एसडीएम एसएस रांगड़, थानाध्यक्ष राकेशचंद्र भट्ट, कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री हरिकृष्ण भट्ट, भाजपा नेता देवेंद्र नेगी, दिनेश थपलियाल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने मुन्नी देवी शाह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मुन्नी देवी शाह का योगदान उत्तराखंड की राजनीति और समाज सेवा में अविस्मरणीय है। (एजेंसी)

## संक्षिप्त समाचार

### स्वतंत्रता दिवस पर हर घर, प्रतिष्ठान पर फहराया जायेगा तिरंगा

देहरादून। भाजपा मसूरी मंडल की बैठक में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इसमें 12 से 15 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। बैठक में भाजपा मसूरी प्रभारी रतन सिंह चौहान ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा फहराया जायेगा। बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष रजत अग्रवाल ने कहा कि भाजपा स्वतंत्रता दिवस को पूरे उत्साह के साथ मनायेगी व 13 से 15 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगी जिसमें पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ ही जन सहभागिता ली जायेगी। इस मौके पर भाजपा मसूरी प्रभारी व महानगर उपाध्यक्ष रतन सिंह चौहान ने बताया कि 12 अगस्त से 14 अगस्त तक स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्मारकों, युद्ध स्मारकों और स्वतंत्रता आंदोलन से जुडी महत्वपूर्ण स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा व पुष्पांजलि अर्पित की जायेगी, 13 अगस्त को तिरंगा यात्रा जनता की भागीदारी के साथ निकाली जायेगी, 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया जायेगा व उससे जुडे परिवारों को सम्मानित किया जायेगा व प्रदर्शनी लगायी जायेगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि शहर के हर घर व प्रतिष्ठान में तिरंगा लगाया जायेगा। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष मीरा सकलानी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रमों में पालिका पूरा सहयोग करेगी व स्वच्छता अभियान में पालिका के सफाई कर्मचारी सहयोग करेंगे। इस मौके पर कार्यक्रम सह संयोजक अनीता धनाई, जसोदा शर्मा, बबीता मित्तल, सुषमा रावत, दर्शनी सेमवाल, कविता, अंजुम, सरोज उनियाल, मनीषा देवी, जगजीत कुकरेजा, शिव अरोड़ा, बिजेंद्र भंडारी, उज्वल नेगी, सोबन सिंह मेहरा, सलीम अहमद, गुलजार अहमद, सोनू, सुरेंद्र, मोहन शाही, अमित कुमार, सुनील कुमार सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सुवाखोली में ट्रांसफार्मर का तार टूटने से करंट फैला

देहरादून। मसूरी से सटे सुवाखोली में ट्रांसफार्मर की तार टूटने से अफरा–तफरी मच गई। आस पास के क्षेत्र व दुकानों में करंट फैल गया। हालांकि बड़ा हादसा होते होते टल गया। गौरतलब है कि सुवाखोली में ऊर्जा निगम के ट्रांसफार्मर को हटाने की मांग विगत दो वर्षों से की जा रही है लेकिन विभाग के अधिकारी इस दिशा में कोई भी कार्रवाई करने को तैयार नहीं है। शनिवार को सुबह सात बजे अचानक ट्रांसफार्मर में लगी बिजली की तार टूट गयी व पूरे क्षेत्र में करंट फैल गया। करंट की चपेट में दो कुत्ते आ गये व पास ही में एडवेंचर स्पोटर्स हाई फ्लाई में करीब दस मिनत तक करंट दौड़ता रहा। गनीमत रही कि इस समय वहां पर पर्यटक नहीं थे वरना बड़ा हादसा हो सकता था। स्थानीय लोगों ने बताया कि क्षेत्रवासी विगत दो वर्षों से ट्रांसफार्मर हटाने व जर्जर तारों को हटाने की मांग कर कर रहे हैं, लेकिन विभाग की लापरवाही से हादसा हुआ। घटना से लोगों में विभाग के खिलाफ आक्रोश बढ़ गया है। लोगों का कहना है कि अगर विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए ट्रांसफार्मर नहीं हटाया तो लोग इसकी चपेट में आ सकते हैं। सुवा खोली के ग्राम प्रधान अरविंद राणा ने बताया कि तार टूटने से एडवेंचर स्पोर्ट्स हाई फ्लाई में करीब 10 मिनट तक करंट दौड़ता रहा। गनीमत रही कि उक्त घटना में किसी भी तरह की जनहानि का नुकसान नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि विभाग को दो साल पहले ट्रांसफार्मर को बदलने की मांग की गई है लेकिन अभी तक विभाग द्वारा इस दिशा में कोई कार्यवाही नहीं की गई।

### अगस्त क्रांति के शहीदों को किया नमन

देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति के कांवली रोड स्थित कार्यालय पर शनिवार को अगस्त क्रांति के शहीदों को याद किया गया और उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। बताया कि अगस्त क्रांति की शुरुआत नौ अगस्त 1942 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आह्वान पर हुई थी। अंग्रेजों भारत छोड़ो नारे के साथ इसकी शुरूआत हुई थी।

### रक्षाबंधन पर वृक्षों को बचाने का लिया संकल्प

देहरादून। दिशा सामाजिक संस्था के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को रक्षाबंधन पर्व पर वृक्षों को बचाने का संकल्प लिया। संस्था के उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियल और सचिव सुशील विरवानी ने कहा कि संस्था का उद्देश्य यह है कि जो वृक्ष हमने लगाए थे उनकी रक्षा करने का संकल्प लें। लोग वृक्ष तो लगा देते हैं पर उनकी रक्षा करना वह भूल जाते हैं। इस मौके पर आरिफ वारसी, सुशील विरमानी, सतीश कुमार, नवनीत गोसाई, पंकज नेगी आदि लोग मौजूद रहे।

# पीएनबी ने आपदा राहत कार्यों के लिए दिये एक करोड़

जयन्त प्रतिनिधि।



देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में पंजाब नेशनल बैंक से आए प्रतिनिधि मंडल ने भेंट की। इस दौरान पंजाब नेशनल बैंक द्वारा उत्तरकाशी जिले के धराली एवं हर्षिल क्षेत्र में आई आपदा के राहत कार्यों के लिए 1 करोड़ का योगदान प्रदान किया गया।

मुख्यमंत्री ने पीएनबी द्वारा दिए सहयोग के लिए बैंक प्रबंधन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह राशि आपदा प्रभावित परिवारों के त्वरित सहायता और पुनर्वास कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

कहा कि संकट की घड़ी में संस्थाओं एवं संगठनों का इस प्रकार आगे आना समाज के प्रति उनकी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि धराली क्षेत्र में रेस्क्यू ऑपरेशन तेजी से जारी है और प्रभावितों को हर संभव मदद पहुंचाई जा रही है। इस अवसर पर अपर सचिव मनमोहन मैनाली, पंजाब नेशनल बैंक के जी.एम अनुपम, ए.जी.एम अजित कुमार उपाध्याय, चीफ मैनेजर सर्वेश मौजूद रहे।

### आयोग ने प्रयोगशाला सहायक, उच्च शिक्षा विभाग (समूह–ग) परीक्षा का चयन परिणाम किया घोषित

हरिद्वार। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की ओर से प्रयोगशाला सहायक, उच्च शिक्षा विभाग (समूह–ग) परीक्षा 2023 का चयन परिणाम घोषित कर दिया गया है। विभिन्न विषयों में प्रयोगशाला सहायक के लिए चयनित 104 अभ्यर्थियों के रोल नंबर की सूची आयोग की वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। आयोग की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार लिखित (वस्तुनिष्ठ) परीक्षा के प्रश्नपत्रवार प्राप्तांक के योग से निर्मित प्रवीणता सूची के आधार पर विज्ञापित रिक्तियों के सापेक्ष प्रयोगशाला सहायक की परीक्षा का चयन परिणाम पदवार श्रेष्ठताक्रम में घोषित किया गया है। प्रयोगशाला सहायक भौतिक विज्ञान और प्रयोगशाला सहायक रसायन विज्ञान के पदों पर 18 –18, प्रयोगशाला सहायक जीव विज्ञान के पदों पर 21, वनस्पति विज्ञान के पदों पर 20, भूगोल के पदों पर 18, गृह विज्ञान के पदों पर दो, मनोविज्ञान के पदों पर दो, शिक्षा शास्त्र के पदों पर तीन, बीएससी गृह विज्ञान के पदों पर दो अभ्यर्थियों को चयनित घोषित किया गया है।

# घाटी में फंसे सभी लोगों को सुरक्षित निकाला : धामी

### धराली क्षेत्र में आपदा प्रभावितों को त्वरित राहत उपलब्ध कराइ गई

जयन्त प्रतिनिधि।



देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि धराली क्षेत्र में आपदा प्रभावित लोगों को त्वरित राहत उपलब्ध कराई गई है। प्रभावित परिवारों को राशन, कपड़े एवं आवश्यक सामग्री प्रदान की गई है। मकान, जमीन, खेती और अन्य नुकसान के मुआवजे का आंकलन प्रारंभ हो चुका है और अगले दो से तीन दिनों में मुआवजे का वितरण भी शुरू कर दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार की प्राथमिकता घाटी में फंसे हुए सभी लोगों को सुरक्षित निकालना थी, जिसे लगभग पूर्ण कर लिया गया है। इसके साथ ही घर, खेत-खलिहान, कृषि और अन्य नुकसान का विस्तृत सर्वे जारी है, ताकि शेष मुआवजा शीघ्र उपलब्ध कराया जा सके। प्रभावित परिवारों के लिए कम्युनिटी किचन के माध्यम से भोजन, राशन, आपातकालीन लाइट, कपड़े और अन्य आवश्यक सामग्री लगातार पहुंचाई जा रही है। गांव में बिजली एवं नेटवर्क की व्यवस्था बहाल कर दी गई है और सड़क को भी शीघ्र आवागमन हेतु सुचारू कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार इस कठिन समय में हर प्रभावित परिवार के साथ खड़ी है और उन्हें हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी।

# कई जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र से लापता, फोन भी चल रहे बंद

देहरादून। जिला पंचायत अध्यक्ष और क्षेत्र पंचायत प्रमुखों के लिए 14 अगस्त को होने वाले मतदान के लिए चुनावी बिसात बिछ गई है। नव निर्वाचित जिला पंचायत और क्षेत्र पंचायत सदस्य अपने–अपने खेमों में डेरा डाले हुए हैं। जिनकी निष्ठा पर किसी तरह का शक नहीं है, वह अभी भी क्षेत्र में नजर आ रहे हैं, लेकिन अधिकांश या तो जिले से बाहर हैं, या फिर फोन बंद होने से उनकी लोकेशन ट्रेस नहीं हो पा रही है। फिलहाल भाजपा आठ जिला पंचायत अध्यक्षों और 63 ब्लॉक प्रमुख प्रत्याशियों की घोषणा कर किलेबंदी कर चुकी है। कांग्रेस अभी तक किसी भी अध्यक्ष या प्रमुख का चेहरा तो घोषित नहीं कर पाई है, लेकिन स्थानीय स्तर पर नेता पूरी घेरेबंदी में जुटे हैं। रुद्रप्रयाग के देहरादून और दून के हिमाचल में रुद्रप्रयाग जिले के अधिकतर जिला पंचायत सदस्यों के फोन बंद चल रहे हैं। उनके करीबियों के मुताबिक सभी देहरादून में हैं। इधर, देहरादून में कांग्रेस खेमे के जिला पंचायत सदस्यों के हिमाचल में मौजूद होने की सूचना है। कांग्रेस देहरादून में अपने पास बहुमत होने का दावा कर रही है, लेकिन अभी तक जिला पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी घोषित नहीं होने से पार्टी में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। आपदा प्रभावित उत्तरकाशी के सदस्य सहारनपुर पहुंचे आपदा से जूझ रहे उत्तरकाशी जिले के ज्यादातर जिला पंचायत सदस्यों के सहारनपुर में मौजूद होने की सूचना मिल रही है। सभी के फोन बंद चल रहे हैं। फोल्ड धनारी से जिला पंचायत सदस्य जीतकर आई अंशिका के पति महेश ने दावा किया कि उनकी पत्नी समेत 18 सदस्य अभी सहारनपुर में हैं। वहीं, शुक्रवार को भाजपा में शामिल हुए दीपक बिजल्वाण के समर्थक 10 जिला पंचायत सदस्य देहरादून में रुके हैं। बागेश्वर के एक अहम निर्दलीय का फोन बंद बागेश्वर जिले में 19 जिला पंचायत सदस्यों में भाजपा नौ, कांग्रेस छह पर जीतने का दावा कर रही है। चार निर्दलीय भी जीते हैं। जीत के गणित में एक निर्दलीय यहां निर्णायक हो सकता है, जिसका फोन बंद चल रहा है। जबकि बागेश्वर में सात सदस्यों के बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं है कि वह कहां हैं। भीमताल, ओखलकांडा और धारी के अधिकांश क्षेत्र पंचायत सदस्य क्षेत्र में ही हैं। हालांकि कुछ बीडीसी मेंबर से संपर्क नहीं हो पा रहा है। रामनगर के 20 क्षेत्र पंचायत सदस्यों के क्षेत्र में नहीं होने की सूचना है। उनके फोन भी नॉट रीचबल चल रहे हैं। सीमावर्ती क्षेत्र से नेपाल पहुंचे हैं सदस्य पिथौरागढ़ जिले में ब्लॉक प्रमुखों को लेकर जबरदस्त खींचतान चल रही है। जिले के 60 क्षेत्र पंचायत सदस्यों में से अधिकांश न तो अपने इलाके में हैं और न उनके फोन मिल रहे हैं। बताया जा रहा है कि प्रमुख पद के दावेदार उन्हें नेपाल ले गए हैं। जबकि चंपावत जिले में जिला पंचायत सदस्य न फोन पर मिल रहे हैं और न ही उनकी लोकेशन मिल रही है। उधमसिंहनगर से 15 हैं लापता उधमसिंह नगर। जिले में करीब 15 से अधिक नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य अपने घरों में नहीं बताए जा हैं। हालांकि, वह परिजनों के संपर्क हैं। फोन आदि में उनकी बात हो रही है। बताता जा रहा है कि जिला पंचायत अध्यक्ष पद के दावेदारों के वह संपर्क में हैं।

### सर सोराबजी पोचखानावाला की 144 वीं जयंती मनाई

देहरादून। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने देहरादून में क्षेत्रीय कार्यालय कार्यक्रम के साथ सर सोराबजी पोचखानावाला की 144 वीं जयंती मनाई। समारोह में क्षेत्रीय प्रमुख रामप्रमोद आनंद ने 1911 में भारत के पहले पूर्ण भारतीय स्वामित्व वाले वाणिज्यिक बैंक की स्थापना में सर सोराबजी की अग्रणी भूमिका पर प्रकाश डाला गया। स्टाफ के सदस्यों ने उनके मार्गदर्शक सिद्धांतों पर विचार किया। कार्यक्रम बैंकिंग में सर सोराबजी के सत्यनिष्ठा, सेवा और नवाचार के मूल्यों को बनाए रखने के लिए सभी कर्मचारियों द्वारा प्रतिज्ञा के साथ संपन्न हुआ। क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून के कर्मचारियों द्वारा एक स्वच्छता अभियान भी चलाया गया, जहां क्षेत्रीय प्रमुख रामप्रमोद आनंद ने मुख्य प्रबंधकों एव अधिकारियों कर्मचारियों के साथ स्वच्छता अभियान आयोजित किया।

# उत्तराखंड में 13 संस्कृत ग्रामों की आज होगी विधिवत शुरूआत

देहरादून। उत्तराखंड में देववाणी संस्कृत के संरक्षण और संवर्धन को लेकर घोषित 13 आदर्श संस्कृत ग्रामों की आज विधिवत शुरूआत की जायेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी देहरादून के संस्कृत ग्राम भोगपुर से योजना का शुभारम्भ करेंगे। बाकी सभी जिलों के आदर्श संस्कृत ग्राम वर्चुअल इस कार्यक्रम से जुड़ेंगे। सरकार राज्य की दूसरी राजभाषा और देववाणी संस्कृत के संरक्षण और संवर्धन के लिये पूरी तरह प्रतिबद्ध है। संस्कृत को जनभाषा बनाने की पहल के लिए सरकार सभी जिलों में एक–एक आदर्श संस्कृत ग्राम बनाने की घोषणा की थी। संस्कृत सप्ताह के शुभारंभ मौके पर आज देहरादून के संस्कृत ग्राम भोगपुर में योजना की विधिवत शुरूआत की जाएगी। मंत्री डॉ. रावत ने बताया कि इन गांवों के ग्रामीण को देववाणी संस्कृत को आत्मसात कर आपसी वार्तालाप से लेकर सभी कामकाज संस्कृत भाषा में कर सकेंगे। यहां वेद, पुराणों और उपनिषदों की ऋचाओं का पाठ इन गांवों में किया जायेगा। संस्कृत शिक्षा मंत्री ने बताया कि आदर्श संस्कृत ग्राम की स्थापना संस्कृत और संस्कृति की रक्षा, सद्भावना निर्माण, नारी सम्मान के अभिवर्धन, चरित्र निर्माण में अहम साबित होगी। मंत्री ने कहा कि संस्कृत ग्राम से हमारी संस्कृति, संस्कार और ज्ञान–विज्ञान का प्रचार–प्रसार होगा। ये हैं आदर्श संस्कृत ग्राम राज्य सरकार द्वारा घोषित आदर्श संस्कृत ग्रामों में नूरपुर पंजनहेड़ी (हरिद्वार), कोटगांव (उत्तरकाशी), डिम्मर (चमोली), बैंजी (रुद्रप्रयाग), मुखेम (टिहरी), भोगपुर (देहरादून), गोदा (पौड़ी), उर्ग (पिथौरागढ़), खर्ककार्की (चम्पावत), सेरी (बागेश्वर), जैंती पाण्डेकोटा (अल्मोड़ा), पाण्डेगांव (नैनीताल), नगला तराई (उधमसिंह नगर) शामिल हैं।

# रक्षाबंधन पर यात्रियों की भीड़ बसें पड़ी कम



हरिद्वार। बस स्टेशन पर सुबह से ही लोग बसों का घंटों इंतजार करते रहे। बस में चढ़ने के लिए यात्रियों के बीच धक्का–मुक्की भी होती रही। चंडी घाट चौक पर भी बसों में बैठने के लिए लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। रक्षाबंधन पर्व से एक दिन पहले ही सिडकुल तथा आसपास की फैक्ट्रियों के कामगार अपने घरों को निकलने लगे थे। शुक्रवार से शनिवार सुबह तक लोग अपने घरों को निकलते रहे। बस अड्डे में यात्रियों की भारी भीड़ थी। यात्री एक दूसरे को धकेलकर बसों में चढ़ने की कोशिश करते दिखे। शनिवार की बस स्टैंड पर यात्रियों की भीड़ बढ़ने के बाद करीब 200 बसों की कमी पड़ गई। उत्तराखंड परिवहन निगम की 105 बसों का संचालन हरिद्वार बस स्टैंड से रोजाना होता है। साथ ही यूपी रोडवेज की करीब 200 बसें प्रतिदिन हरिद्वार पहुंचती है। लेकिन शनिवार को रक्षाबंधन के दिन बस स्टैंड पर बसों की कमी के कारण लोगों को बड़ी परेशानी उठानी पड़ी।

### जंगली सुअर–बंदर नगदी फसलों का पहुंचा रहे नुकसान

नई टिहरी : ब्लाक जौनपुर के दर्जनों गावों में बंदरों व सुअरों के कारण ग्रामीणों की नगदी फसलें बर्बाद हो रही है। ग्रामीणों ने वन विभाग सहित स्थानीय प्रशासन से जंगली जानवरों से फसलों को बचाने की मांग करते हुए प्रतिकर की मांग की है।

इन दिनों जौनपुर ब्लाक के दसज्यूला, छैज्यूला के मोलधार, ओतण, भुयासारी ढीक, बैड, कुंड, डांडा, परोड़ी, लगड़ासू, क्यारी आदि गांवों में काश्तकारों की नगदी फसलों में आलू, मटर, बीन, गोभी, शिमला मिर्च, अरबी के अलावा अन्य फसलों को जंगली जानवर जमकर नुकसान पहुंचा रहे हैं। जिससे क्षेत्र के काश्तकार खासे परेशान व दु:खी हैं। काश्तकार सोबन सिंह, जयदेव, जगतंबा दास, प्यारे लाल, शूरवीर सिंह, विक्रम आदि का कहना है कि उन्होंने खेतों में हजारों रूपये के बीच बोकर फसलों को तैयार करने का काम किया जाता है। लेकिन बंदरों व सुअरों ने उनकी फसलों को बुरी तरह से बर्बाद कर दिया है। जिससे उन्हें खासा नुकसान हो रहा है। सम्बंधित विभागों से लगातार फैन्सिंग वाल की मांग की जाती रही है। लेकिन इस पर विभाग ध्यान नहीं देते हैं। जिसके चलते काश्तकारों की मेहनत पर पानी फिरता है।

# हरकी पैड़ी पर हुआ हेमाद्रि संकल्प से स्नान और रक्षा सूत्रों का अभिसिंचन



हरिद्वार। श्रावणी उपाकर्म पर शनिवार को हरकी पैड़ी पर तीर्थ पुरोहितों ने हेमाद्रि संकल्प के साथ पवित्र गंगा स्नान किया। इस दौरान यज्ञोपवीत और रक्षा सूत्रों का अभिसिंचन भी किया गया। इस अवसर पर श्री गंगा सभा के अध्यक्ष नितिन गौतम, महामंत्री तन्मय वशिष्ठ, स्वागत मंत्री डॉ. सिद्धार्थ चक्रपाणी, उपसभापति यतीन्द्र सिखोला, प्रचार मंत्री गोपाल प्रधान, सचिव वीरेंद्र कौशिक, सचिव शैलेश मोहन, सचिव उज्वल पंडित, दीपकांत सरायवाले, विकास शर्मा, दीपांकर चक्रपाणि, शिवांकर चक्रपाणि, शोभित खेड़ेवाले, डॉ. प्रशांत पालीवाल, अतुल कीर्तिपाल, सुरभित शर्मा, अमित झा, आचार्य अमित शास्त्री आदि मौजूद रहे।

# श्रावणी पूर्णिमा पर ऋषिकुमारों का उपनयन संस्कार

ऋषिकेश। श्रावणी पूर्णिमा पर तीर्थनगरी के संस्कृत शिक्षा संस्थानों में नव प्रवेशी छात्रों का वैदिक परंपरा के साथ उपानयन और यज्ञोपवीत संस्कार किया गया। इसके साथ ही इन सभी को अब वेदाध्ययन का अधिकार भी प्राप्त हो गया है। नव प्रवेशी छात्रों ने श्रावणी पूर्णिमा का महत्व भी जाना। शनिवार को जयराम आश्रम संस्कृत महाविद्यालय में श्रावणी पर्व परंपरागत तरीके से मनाया गया। यहां पुरातन और नव प्रवेशी सभी छात्रों ने गंगातट पर हिमाद्रि स्नान किया। प्रधानाचार्य पंडित मायाराम शास्त्री के सानिध्य में नव प्रवेशी छात्रों को यज्ञोपवीत धारण कराया गया। जयराम आश्रम ट्रस्ट के अध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी महाराज के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने श्रावणी पूर्णिमा के महत्व को बताया। बताया कि श्रावणी पूर्णिमा का सनातन धर्म में बड़ा महत्व है। जिसमें ब्राह्मण वर्ग अपनी कर्म शुद्धि के लिए उपाकर्म करते हैं। ग्रंथों में इस दिन किए गए तप और दान का महत्व उल्लेखित है। इस दिन रक्षाबंधन का पवित्र त्योहार मनाया जाता है। इस अवसर परआश्रम के ट्रस्टी अशोक शर्मा, प्रदीप शर्मा, बीएम बडोनी, सत्येंद्र भट्ट,मनीष कुमार आदि मौजूद रहे। श्रीदर्शन महाविद्यालय में मनाया गया श्रावणी उपाकर्म संस्कार श्रीदर्शन महाविद्यालय मुनिकीरेती में श्रावणी उपाकर्म एवं संस्कृत दिवस धूमधाम से मनाया गया। पालिकाध्यक्ष नीलम बिज्लवाण ने कहा कि संस्कृत सभी भाषाओं के जननी है। प्रत्येक व्यक्ति हो संस्कृत का ज्ञान जरूर होना चाहिए। महंत मनोज द्विवेदी ने कहा कि महाविद्यालय ऋषिकेश का सबसे प्राचीन विद्यालय है। जो संस्कृत की बेहतर शिक्षा छात्रों को दे रहा है। प्रबंधक संजय शास्त्री ने कार्यक्रम में आये लोगों का आभार जताया। इस अवसर पर आचार्य दिनेश सेमल्टी, विद्यालय के अध्यक्ष वंशीधर पोखरियाल, प्रधानाचार्य डॉ राधामोहन दास, सत्येश्वर प्रसाद डिमरी, मुकेश कुमार बहुगुणा, डॉ सुशील कुमार नौटियाल, आशीष जुयाल, डॉ शांति प्रसाद मैठानी, रामप्रसाद सेमवाल, सीमा मैठाणी,अनूप सिंह रावत, पूर्णानंद सिलस्वाल, हरीश सिलस्वाल,प्यारेलाल तिवाड़ी, गोपीचन्द्र सिलसवाल, मंजू देवी, दया भाई आदि उपस्थित थे। वैदिक ब्राह्मण महासभा ने गंगा पूजन किया वैदिक ब्राह्मण महासभा ऋषिकेश ने त्रिवेणी घाट पर श्रावणी उपाकर्म श्रद्धा भाव से मनाया। केशव स्वरूप ब्रह्मचारी महाराज ने सबसे पहले गंगा के पावन तट पर प्रयाश्चितसंकल्प,दशविधि स्नान करवाया। इसके पश्चात देव ऋषि,पितृ तर्पण एवं संध्योपासन का कर्म किया गया।उसके बाद पंचांग पूजन,ऋषि पूजन,यज्ञोपवीत पूजन के बाद हवन (यज्ञ)किया गया।

केशव स्वरूप ब्रह्मचारी ने कहा श्रावणी उपाकर्म आत्म–शुद्धि और पिछले वर्ष में जाने–अनजाने में किए गए पापों के प्रायश्चित का अवसर प्रदान करता है। यह पर्व यज्ञोपवीत बदलने का प्रतीक है, जो ज्ञान और आध्यात्मिक मार्ग पर चलने के नए संकल्प का प्रतीक है। श्रावणी उपाकर्म के दिन वेदों का अध्ययन फिर से शुरू करने का संकल्प लिया जाता है।

### निर्वाचन संबंधी उपकरणों की हो पुख्ता सुरक्षा

नई टिहरी : आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मतदेय स्थलों एजेंटों की नियुक्ति के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी अरुणा अग्रवाल की अध्यक्षता में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक संपन्न हुई। दूसरी,ओर जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण कर निर्वाचन उपकरणों की पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश दिए। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विजय तिवारी ने बताया कि अभी तक केवल एक राजनीतिक दल ने ही अपने एजेंटों की सूची उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने अन्य राजनीतिक दलों से शीघ्रता से अपने–अपने एजेंटों की सूची उपलब्ध कराने की अपील की। जिससे मतदाता सूची के क्रॉस चेकिंग कार्य को समयबद्ध ढंग से पूरा किया जा सके। मुख्य विकास अधिकारी वरूणा ने सभी राजनीतिक दलों को पार्टी स्तर पर विचार–विमर्श कर, प्रत्येक मतदेय स्थल के लिए एजेंट नियुक्त करने को कहा। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्रों से संबंधित समस्याओं से भी अधिकारियों को अवगत कराया।

# धराली आपदा में लापता लोगों को जल्द तलाशना हमारी प्राथमिकता: डीजीपी

उत्तरकाशी। पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने धराली आपदाग्रस्त क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण करने के बाद कहा कि हर्षिल–धराली में राहत एवं बचाव कार्य तेजी के साथ हो रहे हैं। वायुसेना और यूकाडा की मदद से आपदा क्षेत्र में रसद और अन्य आवश्यक सामग्री लगातार पहुंचाई जा रही है। फंसे यात्रियों और स्थानीय लोगों को निकालने की क़वायद लगातार जारी है। रोड कनेक्टिविटी सुचारु करने का कार्य भी तेज गति से चल रहा है। त्रासदी में लापता लोगों को जल्द से जल्द तलाशना हमारी प्राथमिकता है। डीजीपी दीपम सेठ हर्षिल, धाराली आपदा रेस्क्यू कार्यों की एक–एक अपडेट पर नजर बनाये हुये हैं। शुक्रवार को उन्होंने आपदा स्थल का स्थलीय निरीक्षण और रेस्क्यू कार्य का जायजा लेने के उपरांत उत्तरकाशी में रात्रि प्रवास किया। उन्होंने शनिवार को मीडिया के बातचीत में कहा कि रेस्क्यू कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। रेस्क्यू कार्य में जुटी पुलिस एसडीआरएफ, फायर व अन्य आपदा एजेन्सियों को बचाव कार्यों में और अधिक तेजी एवं प्रबलता लाने के निर्देश दिये गये हैं।

डीजीपी सेठ ने बताया कि बारिश व विषम भौतिक परिस्थितियों के बीच अभी तक पुलिस व अन्य रेस्क्यू एजेंसियों द्वारा रेस्क्यू को अच्छे से अंजाम दिया गया है। क्षेत्र में फंसे विभिन्न राज्यों के सभी यात्रियों को हेली के माध्यम से सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया है। कुछ स्थानीय लोगों को भी वहां से मातली हेलीपैड रेस्क्यू किया जा रहा है।

# संस्कृत दिवस के अवसर पर श्रावणी उपाकर्म हुआ

हरिद्वार। श्री रामानुज श्रीवैष्णव संस्कृत महाविद्यालय और भागीरथी नगर पर्वतीय समाज की ओर से शनिवार को कच्छी लाल रामेश्वर घाट पर संस्कृत दिवस के अवसर पर श्रावणी उपाकर्म हुआ।



ब्राह्मण समाज के सदस्यों के साथ छात्र भी इसमें शामिल हुए। वैदिक मंत्रोच्चारण से घाट का वातावरण दिव्य बन गया। प्राचार्य राजेंद्र प्रसाद पुनेठा ने कहा कि संस्कृत और संस्कृति को जन–जन की भाषा बनाने के लिए मंथन जरूरी है। उन्होंने कहा कि आधुनिक भौतिकवादी युग में अपनी वैदिक संस्कृति, परंपराओं और धर्म का पालन करना हम सबके लिए श्रेयस्कर है। वेदों में बताया गया है कि धर्मो रक्षति रक्षितः, यानी धर्म की रक्षा करने वाला ही धर्म की रक्षा करता है।

### छेड़छाड़ का विरोध करने पर मां बेटे से मारपीट

हरिद्वार। सिडकुल थाना क्षेत्र के एक गांव में छेड़छाड़ का विरोध करने पर महिला और उसके पुत्र के साथ मारपीट कर दी। कोर्ट के आदेश पर सिडकुल पुलिस ने तीन नामजद और तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

एक महिला ने कोर्ट में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में बताया कि आरोपी कपिल, नितिन, बलराम और तीन–चार अन्य अज्ञात युवक पिछले एक सप्ताह से उनकी पुत्री के साथ अश्लील हरकतें कर रहे थे। बेटी की शिकायत मिलने पर उन्होंने आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाई तो वह पास में ही एक मकान में रहते थे। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आठ जून की शाम बलराम उनके घर आया और उनके पुत्र को साथ लेकर अपने घर चलने को कहा।

# रक्षाबंधन पर्व पर बसों की कमी से लोगों को पड़ा जूझना

ऋषिकेश। रक्षाबंधन पर्व पर ऋषिकेश में रोडवेज बसें कम पड़ गईं। देहरादून रूट की बसें कम पड़ने से बहनें और भाई आवागमन के लिए अड्डे पर ही घंटों बिताने को मजबूर होते नजर आए। बस पहुंचने पर उसमें सीट के लिए मारामारी भी नजर आई, जिससे दिनभर अड्डे पर बहन–भाइयों से फजीहत झेलनी पड़ी। वहीं, दिल्ली रूट की बसों को लेकर भी यही स्थिति दिखी। शनिवार को रोडवेज के ऋषिकेश डिपो की बसों की कमी से लोगों को जूझना पड़ा। इनमें मुख्यतौर पर बहन और भाई के यहां आने वालों को ज्यादा दुश्वारियों का सामना करना पड़ा। सुबह करीब 11 घंटेभर से देहरादून की रूट की बस के इंतजार में तीन दर्जन से अधिक यात्री खड़े थे। जैसे ही दून से बस अड्डे पहुंची, तो उसमें सवार लोगों के उतरने से पहले चढ़ने को लेकर मारामारी होती दिखी। किसी तरह से बस सवार भीड़भाड़ में खुद को बचाते हुए नीचे और इसके बाद एकाएक बस की सभी सीटें फुल हो गई। कुछ लोगों को सीट नहीं मिली, तो वह बस के भीतर खड़े होकर ही सफर तय करने को मजबूर होते दिखे। दून रूट पर बसों की कमी सुबह से लेकर शाम तक बनी रही। वहीं, दिल्ली रूट के मुसाफिरों को भी बसों के इंतजार में अड्डे पर परेशान होना पड़ा। एक दर्जन से अधिक सेवा होने के बावजूद भी यहां यात्रियों को पर्याप्त बसें उपलब्ध नहीं हो पाई। मालूम हो कि, देहरादून रूट पर 16, दिल्ली रूट पर 54 बसें रोजना संचालित की जाती हैं। जबकि, निगम ऋषिकेश डिपो के पास करीब 94 बसों का बेड़ा है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com